


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 162

ग्वालियर, रविवार, 1 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## वन-टू-वन

### हवा में था एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान अचानक शीशे में पड़ा दरार

**नई दिल्ली (ए)।** सऊदी अरब के लिए उड़ान भरने वाले एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान के शीशे में दरार पता चलने पर उसे शनिवार को आपात स्थिति में तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर उतरना पड़ा। हवाईअड्डे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह सात बजकर 52 मिनट पर उड़ान भरने के एक घंटे के भीतर ही पायलट ने शीशे में दरार देखने पर वापस तिरुवनंतपुरम लौटने का फैसला किया। इसके बाद आठ बजकर 50 मिनट पर आपात स्थिति में विमान हवाईअड्डे पर उतरा। कोविड-19 पाबंदी के कारण कुछ गंतव्यों तक अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर पाबंदी के कारण विमान में कोई यात्री नहीं था और यह माल ढुलाई में लगा था। उन्होंने बताया कि विमान में चालक दल के आठ सदस्य थे। तिरुवनंतपुरम हवाईअड्डे के निदेशक सी वी रवींद्रन ने बताया कि पायलट समेत चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि यदि उड़ान पूर्व जांच में दरार का पता चला होता तो विमान ने उड़ान नहीं भरी होती और इसलिए उड़ान के दौरान ही दरार आयी होगी। उन्होंने कहा कि इस विमान को वंदे भारत मिशन के तहत भारतीय यात्रियों के साथ सऊदी अरब के दममान से वापस आना था।

### वाइस एडमिरल एसएन घोरमडे ने संभाला नौसेना के उप प्रमुख का कार्यभार

**नई दिल्ली (ए)।** वाइस एडमिरल एस एन घोरमडे ने आज वाइस एडमिरल जी अशोक कुमार की जगह भारतीय नौसेना के उप प्रमुख का कार्यभार संभाला। अशोक कुमार आज सेवानिवृत्त हो गए। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि घोरमडे 8 मार्च से एकीकृत रक्षा स्टाफ (संचालन एवं प्रशिक्षण) के उप प्रमुख का पदभार संभाल रहे थे। इससे पहले वाइस एडमिरल एस एन घोरमडे रक्षा मंत्रालय के एकीकृत मुख्यालय (नौसेना) में कार्मिक सेवा नियंत्रक के रूप में काम कर चुके हैं। घोरमडे ने पूर्वी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ के साथ-साथ नौसेना (संचालन) महानिदेशक के रूप में भी काम किया है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक की पढ़ाई करने वाले वाइस एडमिरल एस एन घोरमडे 1 जनवरी, 1984 को भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे।

### एचडीएफसी की 6 ब्रांच में एक फोटो से खुलवाए खाते, लगाया 1.38 करोड़ का चूना

**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली में जालसाजों ने एक फोटो से एचडीएफसी बैंक को करीब 1 करोड़ 38 लाख रु का चूना लगा दिया। आरोपियों ने एक फोटो से छह बैंक खाते खुलवा लिए। जालसाजों ने कुल नौ बैंक खाते खुलवाए थे। एचडीएफसी बैंक की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि शुरूआती जांच में ऐसा लग रहा है कि जालसाजों के साथ बैंक के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत हो सकती है। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि बैंक से मिली शिकायत में कहा है कि उत्तरी व पश्चिमी जिले में स्थित अलग-अलग बैंक शाखाओं में ये बैंक खाते खुलवाए गए हैं। छह बैंक खातों में एक ही फोटो हैं, जबकि तीन बैंक खातों में एक ही पता दिया गया है। आरोपियों ने इन बैंक खातों से क्रेडिट कार्ड, दोपहिया वाहन लोन, बिजनेस लोन व बैंक की योजनाओं का लाभ लिया। बैंक में जब आंतरिक ऑडिट हुआ तो इस जालसाजी का खुलासा हुआ।

## सेवा में आने के बाद जो भी फैसले लें, उनमें देश हित सर्वोपरि होना चाहिएः मोदी

### प्रधानमंत्री ने आईपीएस प्रोबेशनर्स को दी नसीहत



**नई दिल्ली ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के प्रशिक्षुओं से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय भी मौजूद रहे। बिहार कैडर की एक महिला अधिकारी नवजोत से संवाद के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि पुलिस सेवा में बेटियों का ज्यादा से ज्यादा आना पुलिस सिस्टम को मजबूत करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिएडिजिटल अवेयरनेस को बढ़ाना होगा।


पीएम मोदी ने कहा कि अगर इस विषय में कोई सुझाव आपके पास हों तो वह मुझ तक, गृह मंत्रालय तक जरूर पहुंचाइए, क्योंकि आपके इनोवेशन और विचार हमारी कार्यकुशलता बढ़ाएंगे। प्रशिक्षुओं को एक संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि इस साल की 15 अगस्त की तारीख, अपने साथ आजादी की 75वीं वर्षगांठ लेकर आ रही है। बीते 75 सालों में भारत ने एक बेहतर पुलिस सेवा के निर्माण का प्रयास किया है। पुलिस ट्रेनिंग से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर में भी हाल के सालों में बहुत सुधार हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा कि मेरा हर साल यह प्रयास रहता है कि आप जैसे युवा साथियों से बातचीत करूं। आपके विचारों को लगातार जानता रहूं। आपके विचार, सवाल, उत्सुकता, मेरे लिए भी भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सहायक होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि-नमक सत्याग्रह के दाम गांधी जी ने 1930 में ब्रिटिश राज की नींव हिलाने की बात कही थी उन्होंने लोगों के एक छोटे समूह के साथ साबरमती से दांडी मार्च की शुरुआत की थी। हर गुजरते दिन के साथ, कुछ लोग मार्च में शामिल हुए। जब वह दांडी पहुंचे, तो पूरा देश खड़ा हो गया। अंग्रेज हिल गए। मैं चाहता हूं कि आप उस इच्छाशक्ति से प्रेरणा लें। इस इच्छाशक्ति ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को बदल दिया था।

पीएम मोदी ने कहा कि 1930 से 1947 के बीच देश में जो ज्वार उठा, जिस तरह देश के युवा आगे आए, एक लक्ष्य के लिए एकजुट होकर पूरी युवा पीढ़ी जुट गई, आज वही मनोभाव आपके भीतर अपेक्षित है। उस समय देश के लोग स्वराज्य के लिए लड़े थे। आज आपको सुराज्य के लिए आगे बढ़ना है। पीएम मोदी ने कहा कि आप एक ऐसे समय पर करियर शुरु कर रहे हैं, जब भारत हर क्षेत्र, हर स्तर पर बदलाव के दौर से गुजर रहा है। आपके करियर के आने वाले 25 साल, भारत के विकास के भी सबसे अहम 25 साल होने वाले हैं। इसलिए आपकी तैयारी, आपकी मनोदशा, इसी बड़े लक्ष्य के अनुकूल होनी चाहिए। पीएम मोदी ने कहा आपकी सेवाएं देश के अलग-अलग जिलों में होगी, शहरों में होगी। इसलिए आपको एक मंत्र याद रखना है। फील्ड में रहते हुए आप जो भी फैसले लें, उसमें देशहित होना चाहिए, राष्ट्रीय परिपेक्ष्य होना चाहिए। आपको हमेशा ये याद रखना है कि आप एक भारत, श्रेष्ठ भारत के भी ध्वजवाहक है। इसलिए, आपके हर एक्शन, आपकी हर गतिविधि में राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना रिफ्लेक्ट होनी चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कोरोना के खिलाफ लड़ाई में हमारे पुलिसकर्मियों ने, देशवासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। इस प्रयास में कई पुलिस कर्मियों को अपने प्राणों ही आहूति तक देनी पड़ी है। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं और देश की तरफ से उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं।

ज्ञात हो कि सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा के आधार पर चुने गए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करता है। हैदराबाद स्थित भारतीय पुलिस सेवा में अधिकारियों का चयन प्रत्येक वर्ष संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित 'सिविल सेवा परीक्षा' के माध्यम से किया जाता है।

## कमलनाथ और पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा के बयान के बाद कांग्रेस की राजनीति गर्म



### खंडवा से अरुण यादव का नाम खटाई में

**भोपाल (ए)।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के बयान और अरुण यादव के पिछले दिनों बैठक में मौजूद नहीं होने के बाद कांग्रेस की राजनीति गर्माती जा रही है। इसके बाद अब पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव के लिए खंडवा उपचुनाव में उम्मीदवार बनने की राह आसान नजर नहीं आ रही है। हालांकि यादव अब दिल्ली में बड़े नेताओं पर डोरे डाल रहे हैं और वहीं से टिकट पक्का करवाने की जुगत भिड़ा रहे हैं।

दो दिन पहले भोपाल में प्रदेश कांग्रेस ने एक लोकसभा और तीन विधानसभा में होने वाले उपचुनावों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक बुलाई थी। बैठक में प्रदेश प्रभारी मुकुल वासनिक के साथ-साथ सभी प्रमुख नेता और संगठन प्रभारियों को भी बुलाया गया था, लेकिन खंडवा से दावेदारी कर रहे अरुण यादव नहीं पहुंचे। इस पर पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा ने तंज कसा था कि यादव के पास बहुत जमीन है और वे खेती के साथ-साथ राजनीति की खेती भी करते हैं। उन्हें क्या जरूरत? हालांकि इसके पहले कमलनाथ भी कह चुके थे कि अरुण यादव ने खंडवा से चुनाव लड़ने के लिए उनसे नहीं कहा। वैसे यादव लगातार खंडवा लोकसभा में सक्रियता बनाए हुए हैं।

## केन्द्र और राज्य सरकार ध्यान देती, तब धर्मशाला में यह तबाही का मंजर नहीं होताः कांग्रेस



**धर्मशाला (ए)।** केंद्र सरकार के अधीन महाराष्ट्र स्थित सैंट्रल वाटर एवं पावर रिसर्च स्टेशन ने मांझी, मनूणी एवं चरान आदि खड्डों के चैनलाईजेशन की डीपीआर को मंजूरी दे दी होती,तब आज यह तबाही नहीं होती। कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुधीर शर्मा ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग कर कहा कि उक्त डीपीआर को रिवाईज कर के एक बार पुनः मंजूरी के लिए भेजकर परियोजना का कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि धर्मशाला के अंतर्गत मांझी खड्ड में आए भारी एवं तेज जल प्रवाह से हुई तवाही को समय रहते रोका जा सकता था। मांझी खड्ड की चपेट में आने से दर्जनों परिवार प्रवाहित हुए हैं, साथ ही पुलों, पेयजल परियोजनाओं सहित करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि उनके मंत्री रहते मांझी, चरान और मनूणी खड्ड सहित अन्य खड्डों का चैनलाईजेशन करने की योजना बनाई गई थी,इसके तहत संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं एक्सपर्टस की देखरेख में डीपीआर बनाकर केंद्र के अधीन सैंट्रल वाटर एवं पावर रिसर्च स्टेशन महाराष्ट्र के निदेशक को प्रेषित की गई थी। वर्ष 2015-16 में तैयार की गई डी.पी.आर.95.34 करोड़ रुपए की थी,इस अंतिम मंजूरी नहीं दी गई।कांग्रेस नेता शर्मा ने कहा कि उक्त खड्डों के किनारे निवास कर रहे परिवारों के भविष्य को देखकर योजना पर कार्य किया गया था, धर्मशाला में यह पहला मौका नहीं था जब बरसात के मौसम में तेज जल प्रवाह के कारण नुकसान हुआ हो। इसके पूर्व भी जलशक्ति विभाग, विद्युत विभाग सहित स्थानीय लोगों को करोड़ों का नुकसान हो चुका है। केंद्र सरकार ने यदि उक्त डीपीआर को मंजूरी दे दी होती,तब आज तबाही का मंजर नहीं होता। धर्मशाला में सत्तासीन भाजपा के ही विधायक हैं और सांसद भी धर्मशाला में ही निवास करते हैं। इन जन प्रतिनिधियों को चाहिए कि भविष्य को देखकर खड्डों के चैनलाईजेशन की ओर ध्यान दिया जाए।

## दिल्ली गेट पर प्रतीक्षारत राकेश टिकैत को धता बताकर बंगाल लौट गई ममता बनर्जी



**नई दिल्ली (ए)।** पश्चिम बंगाल की सीएम और तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी पांच दिवसीय दिल्ली दौरे पर थीं। अपने दिल्ली प्रवास के दौरान ममता दीदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भेंट की। इसके अलावा ममता बनर्जी ने विपक्ष के तमाम बड़े नेताओं से भी मुलाकात की। ममता बनर्जी अपने दिल्ली दौरे के दौरान विपक्ष की एकजुटता को मजबूत करने में जुटी रहीं। वह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुखर आलोचकों में से एक हैं। यह भी माना जा रहा था कि ममता बनर्जी किसान और किसान नेताओं से मिलने के लिए दिल्ली के अलग-अलग बॉर्डर पर जा सकती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली गेट पर राकेश टिकैत और कई किसान नेता ममता बनर्जी का इंतजार कर रहे थे। पहले खबर भी आई कि ममता बनर्जी उनसे मिलने जाएंगी। लेकिन ममता बनर्जी उनसे मिलने नहीं जा पाईं। इसके पीछे का कारण क्या रहा यह तो नहीं पता लेकिन ममता बनर्जी से मुलाकात नहीं होने पर राकेश टिकैत को निराशा ही हाथ लगी। हालांकि दिल्ली गेट पर राकेश टिकैत ममता बनर्जी का इंतजार कर रहे थे। जब राकेश टिकैत से ममता बनर्जी नहीं मिली तो अपनी सफाई में उन्होंने कहा कि मीडिया कर्मियों से उनके यहां आने की सूचना मिली थी। हमारी ओर से कोई न्योता नहीं था। दूसरी ओर सूत्र यह दावा कर रहे हैं कि ममता बनर्जी किसान नेताओं से मिलने की इच्छुक नहीं थीं और ना ही उनके कार्यक्रम में ऐसा कोई प्लान था। मालूम हो कि ममता बनर्जी की जीत के बाद राकेश टिकैत और कई किसान नेता बंगाल जाकर ममता बनर्जी से मुलाकात कर चुके हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल चुनाव में कई किसान नेताओं ने ममता बनर्जी के पक्ष में प्रचार भी किया था।

## पूर्वी हिस्से में बढ़ रहा मानसून

## मध्यप्रदेश, राजस्थान में रेड अलर्ट, बंगाल के कई इलाके पानी में डूबे

### झारखंड-बिहार और यूपी में भारी बारिश का अनुमान

मौसम विभाग ने पश्चिमी मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में रविवार को भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। देश के पूर्वी हिस्से में मानसून के आगे बढ़ने के साथ पश्चिम बंगाल के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इससे पश्चिम की ओर झारखंड और बिहार की तरफ बढ़ने के आसार हैं। इससे इन राज्यों में वीकेंड में भारी बारिश होगी। स्काईमेट की रिपोर्ट के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है और अगले तीन दिनों में यहां भारी बारिश होगी।



जयपुर में शुक्रवार को 1.9 मिमी पानी बरसा। मौसम विभाग का दावा है अगले 4-5 दिन मानसून एक्टिव रहेगा। जिले में अब तक सामान्य बारिश 249.10 मिमी के मुकाबले 157.05 मिमी पानी बरस चुका है। जयपुर के अलावा आस-पास के कुछ इलाकों में भी शुक्रवार को बारिश हुई।

कोलकाता समेत बंगाल के कई इलाके पानी में डूबे बीते 24 घंटे में पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में भारी बारिश हुई है, जिससे राज्य के कई प्रमुख हिस्सों में पानी भर गया। रात भर हुई भारी बारिश के चलते उत्तरी बंगाल की कलिम्पोंग पहाड़ियों में ममखोला नाले में उफान आ गया। इसमें बहने से दो मजदूरों की मौत हो गई और दो घायल हो गए जबकि चार लापता हैं।

कोलकाता में शुक्रवार को 150 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। स्काईमेट के अनुमान के मुताबिक पश्चिम बंगाल को अभी बारिश से राहत नहीं मिलेगी।

कोलकाता में शुक्रवार को 150 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। स्काईमेट के अनुमान के मुताबिक पश्चिम बंगाल को अभी बारिश से राहत नहीं मिलेगी।

उधर ओडिशा के उत्तरी भागों के साथ-साथ झारखंड में भी शुक्रवार को मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई। अगले दो दिनों में दक्षिण बिहार, झारखंड, उत्तरी छत्तीसगढ़, उत्तरी मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश होगी। इसके साथ ही पूर्वोत्तर और पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों में भी बारिश की संभावना है। जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में भी हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने का अनुमान है।

रांची में भी शुक्रवार को भारी बारिश हुई। इससे गलियों में पानी भर गया और कई कच्चे घरों को नुकसान हुआ है।

रांची में भी शुक्रवार को भारी बारिश हुई। इससे गलियों में पानी भर गया और कई कच्चे घरों को नुकसान हुआ है।

### हिमाचल में 150 मीटर हाइवे को साथ लेकर धंसा पहाड़

हिमाचल प्रदेश में मानसून अब लोगों पर आफत बनकर बरस रहा है। सिरमौर में पांवटा शिलाई मार्ग पर बड़वास के पास शुक्रवार सुबह 8 बजे पहाड़ी दरकने से हाइवे का 150 मीटर का हिस्सा टूट गया। गनीमत ये रही कि हादसे में किसी की मौत नहीं हुई है। जिस वक्त ये हादसा हुआ दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही हो रही थी। इस घटना में करीब 80 लोग बाल-बाल बच गए।







## संक्षिप्त समाचार

### किडनी मरीज को जय माई मानव सेवा समिति के सदस्य ने दिया ए नेगेटिव ब्लड, बचाई जान

शिवपुरी। जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध हो और रक्तदान करने के लिए रक्तदाता सरल,सहज उपलब्ध हो लेकर रक्तदाताओं के प्रति कार्य करने वाली सेवाभावी संस्था जय माई मानव सेवा समिति के द्वारा रक्तदाताओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया जाता है। यही कारण है कि जिला चिकित्सालय सहित मेडीकल कॉलेज व अन्य निजी अस्पताल में भी जब रक्त की आवश्यकता होती है और रक्त उपलब्ध नहीं हो पाता तब इन विकराल हालातो में भी रक्तदान कराने वाली संस्थाओं के द्वारा आगे आकर रक्तदान कराया जाता है। इसी क्रम में एक जरूरतमंद महिला को जिला अस्पताल में ए निगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी लेकिन जब यह ब्लड नहीं मिला तब जय माई मानव सेवा समिति के द्वारा अपने सोशल मीडिया ग्रुप में मैसेज पहुंचा जिसे देखते ही संस्था के सेवाभावी रक्तदाता के रूप में ए निगेटिव ब्लड डोनेट करने के लिए रमेश कुमार गौड़ जिला अस्पताल पहुंचे और जरूरतमंद किडनी मरीज को अपनी ओर से रक्तदान कर उसका जीवन बचाने में महती भूमिका अदा की। यहां रमेश कुमार गौड़ के द्वारा यह चौथी बार रक्तदान किया गया जबकि जय माई मानव सेवा समिति की ओर से अन्य रक्तदाताओं ने इसके पूर्व भी कई जटिल ब्लड ग्रुप ना मिलने पर रक्तदान किया था जिसमें ओ पॉजीटिव ब्लड प्रदीप शर्मा रानू ने दिया था जबकि रिंकू सेंगर ने भी महिला को आवश्यकता पडने़ पर रक्त दिया। ऐसे में जरूरतमंदों की सेवा के लिए जय माई मानव सेवा समिति के द्वारा समस्त रक्तदाताओं का रक्तदान करने के प्रति आभार भी व्यक्त किया है।

### युवती को ससुरालियों ने किया दहेज के लिए प्रताड़ति, ससुर पुलिस में, बोले मैंने अपनी पहली वाली पत्नी व बच्चे को मार दिया तुझे भी मार देंगे

शिवपुरी। इंदार थाना क्षेत्र के ग्राम बिजरौनी की रहने वाली महिला ने एसपी को एक आवेदन दिया है। आवेदन में महिला वर्षा ने बताया कि उसकी शादी रवि अहिरवार निवासी सकतपुर थाना विजयपुर फर्टिलाईजर जिला गुना से हुई थी। शादी में पिता ने अपनी हैसियत से भी बढ़कर दान दहेज दिया था। जब वह शादी होकर गुना पहुंची तो उसे पति रवि अहिरवार सहित ससुर उधमसिंह, सास परमो, जेठ सरजन एवं रामेश्वर, जेठानी सुशीला, निरमा द्वारा और दहेज लाने के लिए प्रताड़ति कर मारपीट की जाने लगी। एसपी को महिला ने बताया कि ससुरालीजन दहेज में उससे 5 लाख रुपए और लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं। जब दहेज लाने से मना कर दिया तो पति ने उसकी बेल्ट व लात-घूसों से मारपीट कर दी साथ ही ससुरालीजन भी मारपीट करने लगे। बाद में रवि उसे मायके छोड़ आया और कहा कि जब तक रुपए नहीं लाती तब तक वह उसे लेने नहीं आएगा। घटना के कुछ दिन बाद रवि फिर मुझे लेने आया और पिता ने मुझे वापस भेज दिया लेकिन गुना जाने के बाद फिर से ससुरालीन मारपीट करने लगे। महिला ने बताया कि उसके ससुर उधमसिंह पुलिस में और कहते हैं कि मैंने अपनी पहली पत्नी को भी मार दिया व उसके लड़के को फांसी पर लटका दिया था कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ पाया।

### जिले में 424.13 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

शिवपुरी। शिवपुरी जिले में 01 जून 2021 से अभी तक 424.13 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 253.07 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी।भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी. है। गत वर्ष जिले में कुल 822.4 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। उन्होंने बताया कि अभी तक शिवपुरी में 396.50 मि.मी., बैराड़ में 527.70 मि.मी., पोहरी में 408 मि.मी., नरवर में 523 मि.मी., करैरा में 376 मि.मी., पिछोर में 308 मि.मी., कोलारस में 465 मि.मी., बदरवास में 485 मि.मी. एवं खनियाधाना में 328 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

# छः माह तक केवल स्तनपान कराएं शिशु को बलवान बनाएंः सीईओ एचपी वर्मा

### विश्व स्तनपान सप्ताह की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में 40 परिवारो के यहां लगाएं 200 फलदार पौधे




शिवपुरी।

स्तनपान के महत्व के प्रति समाज में जागरुकता फैलाने के मकसद से विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इस मौके पर शक्तिशाली महिला संगठन समिति शिवपुरी द्वारा महिला बाल विकास एवं ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में कोयला कॉलोनी ग्राम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.पी.वर्मा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.पी.वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि 6 महीने तक केवल मां का दूध अपने शिशु को पिलाएं और अपने बच्चे को बलवान बनाएं। क्योंकि हम सभी जानते हैं कि मां का दूध शिशु को संक्रमण और कई तरह की बीमारियों से बचाता है। स्तनपान बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। यह शिशुओं के पोषण के लिए बेहद जरूरी है। मां के दूध में कई तरह के पौषक तत्व होते हैं जो कि नवजात शिशुओं को कई तरह की गंभीर बीमारियों से बचाते हैं। उन्होंने शासन द्वारा चलाए जा रहे अंकुर अभियान के तहत पीपल का पौधा शंकर आदिवासी के घर पर रोपित किया और ड़ोटो वायुदूत एप में अपलोड किया। उन्होंने समुदाय से अपील की है कि इस प्रकार से आप बच्चे की देखभाल करते हैं उसको पालते हैं ठीक उसी प्रकार इन पौधों को भी पालें और पोषित करें जिससे कि हमारा पर्यावरण फिर से हरा भरा हो जाए। कार्यक्रम में डीपीओ देवेंद्र सुंदरियाल ने कहा कि अंकुर अभियान में सार्वजनिक जगह पर तो पौधे लगाए जा रहे हैं। इसके साथ साथ आज कोयला कॉलोनी में 40 परिवारों के घर 200 पौधे रोपित करना एवं इनको वायुदूत ऐप में अपलोड करना काफी सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि स्तनपान सप्ताह के लिए हमें तीन बातों का ध्यान रखने की जरूरत है पहली जन्म के तुरंत बाद पहला पीला गाड़ा दूध नवजात को अवश्य पिलाएं, दूसरा 6 माह तक केवल स्तनपान कराएं और तीसरा 6 माह के बाद ऊपरी आहार के साथ साथ अर्ध ठोस आहार की शुरुआत करे एवं स्तनपान जारी रखें। इससे कुपोषण को दूर कर सकते हैं। रवि गोयल ने बताया कि आज विश्व के विख्यात उपन्यासकार एवं कहानीकार मुंशी प्रेमचंद को उनकी पुण्य तिथि पर याद किया एवं इस अवसर पर उनके द्वारा रची गोदान, पंच परमेश्वर, ईदगाह, कफन एवं उनकी पंक्ति अन्याय में सहयोग देना अन्याय करने के ही समान है को याद किया और उनकी याद में फलदार पौधे लगाए।उन्होंने बताया की कार्यक्रम में कोयला कॉलोनी निवासी पोषण सखी शारदा, डीपीओ श्री देवेंद्र सुंद्रियाल, कार्यपालन यंत्री राजीव पांडे, परियोजना अधिकारी डीआरडीए के के शर्मा, परियोजना अधिकारी मनरेगा श्री गुप्ता, शक्ती शाली महिला संगठन के प्रमोद गोयल एवं उनकी पूरी टीम, पर्यवेक्षक श्रीमती आशा दुबे, आंगनवाडी कार्यकर्ता अनीता जाटव, समुदाय के पुरूष, गर्भवती, धात्री एवं किशोरी महिलाएं उपस्थित थे

## 8 आश्रितों को मिली अनुकंपा नियुक्ति




शिवपुरी।

कोरोन महामारी की दूसरी लहर में कई लोग प्रभावित हुए। कोरोना के कारण असमय दिवंगत हुए लोगो के परिजनों के दुख को कम तो नहीं किया जा सकता लेकिन उनके दुख की घड़ी में उनकी मदद करके सांत्वना दी जा सकती है। इसी उद्देश्य से कोरोना से मृत शासकीय सेवकों के आश्रितों के लिए मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना शुरू की गई। मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना के तहत कोविड-19 महामारी के कारण दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रितजनों को विभिन्न विभागों में नियुक्ति के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रितजनों को संबोधित किया और कहा कि विपत्ति के समय सरकार हर कदम पर पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने अनुकम्पा नियुक्ति मिलने पर आवेदकों को बधाई दी। जिले में प्रभारी कलेक्टर एच.पी.वर्मा ने 8 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के दौरान शिक्षा विभाग में कोरोना से कई शिक्षकों की मृत्यु हो गई थी। कोरोना से मृत 8 शिक्षकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति के आदेश सौंपे गए हैं।

नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले आवेदकों में सुमित रघुवंशी पुत्र स्व.श्री बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी, वरूण गर्ग पुत्र स्व.श्रीमती प्रीति गर्ग, जगदीश प्रजापति पुत्र स्व.श्री कालीचरण प्रजापति, जितेन्द्र तिवारी पुत्र स्व.श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा, श्रीमती लियोनी तिर्की पत्नि स्व.श्री अल्वेर तिर्की, श्रीमती भावना शिवहरे पत्नि स्व.श्री भवानीशंकर शिवहरे, संजीव कुमार सोनी पुत्र स्व.श्री गोपाल प्रसाद सोनी एवं श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव पत्नि स्व.श्री संजीव श्रीवास्तव संबंधित विभागों में पदस्थापना के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा गया है।

इनकी विभिन्न स्कूलों में पदस्थापना की गई है।

## 8 साल पहले पुलिस ने जिस मामले को मर्ग कायम खत्म कर दिया था उसमें दर्ज हुआ हत्या का केस

शिवपुरी।

करैरा थाना क्षेत्र के तहत वर्ष 2013 में पुलिस ने एक मामले में युवक की मौत कुएं में गिरना दर्शाकर मर्ग कायम कर फाइल बंद कर दी। वहीं फाइल कोर्ट के आदेश के बाद 8 साल बाद खुली और मामले में हत्या का केस दर्ज किया गया। यहां बतादें कि 30 नवंबर 2007 को मेहरबानसिंह की नत्थू नत्थू पुत्र हरुआ कुशवाह, रवि पुत्र नत्थू, सिरनाम पुत्र छीतिरया और अशोक पुत्र नारायण जू ने हत्या कर लाश कुएं में फेंक दी थी। जांच के बाद करैरा थाना पुलिस ने साल 2013 में संदेहियों पर कार्रवाई ना करते हुए केस ही खत्म कर दिया था। लेकिन मृतक के बेटे हरीसिंह ने हार नहीं मानी और कोर्ट की शरण ली।

**न्यायालय ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला**

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी करैरा ने 23 जुलाई 2021 को सुनवाई के बाद संबंधितों पर धारा 302 सहपठित धारा 34 भादंसं के अपराध का संज्ञान लिया है। साल 2013 को खत्म हुए केस में ही हत्या का प्रकरण दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही प्रकरण साल 2008 से लंबित होने पर अभियुक्तों की हाजिरी के लिए दस हजार रुपए का जमानती वारंट भी जारी करने के निर्देश भी दिए हैं। मामले में परिवादी की तरफ से पैरवी अधिवक्ता एलके चतुर्वेदी ने की।

**मूल केस डायरी गायब होने पर टीआई खेमरिया की एक वेतन वृद्धि रुकी**

प्रकरण की मूल केस डायरी ही गायब हो गई थी। न्यायालय में फोटो कॉपी के आधार पर सुनवाई चली। केस डायरी गायब होने के मामले में विभागीय जांच कराई गई और करैरा थाने के तत्कालीन टीआई सुनील खेमरिया को आगमी एक वार्षिक वेतन वृद्धि एक साल के लिए रोकने का आदेश दिया।

## जूम मीटिंग के माध्यम से इनरव्हील क्लब ने मनाया पदस्थापना समारोह, नवीन टीम को सौंपा पदभार

शिवपुरी।




मानवसेवा के लिए कार्यरत सेवाभावी संस्था इनरव्हील क्लब शिवपुरी के द्वारा अपना पदस्थापना समारोह गत दिवस जूम मीटिंग के माध्यम से मनाया जिसमें मुख्य रूप से जूम मीटिंग में मागदर्शन दे रही श्रीमती रेणु सांखला व सचिव श्रीमती नीतू गोयल के द्वारा संस्था के कार्यो और उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया और सेवा कार्य करने के अपने अनुभवों को बताया। यह पदस्थापना समारोह कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पीडीसी श्रीमती सुनीता जैन के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में निर्वतमान अध्यक्ष श्रीमती कुसुम ओझा ने वर्तमान सत्र 2021-21 के लिए मनोनीत नव नियुक्त इनरव्हील क्लब अध्यक्षा श्रीमती रेणु सांखला को पेन एवं कॉलर देकर अध्यक्षीय पदभार सौंपा। इसी तरह श्रीमती सरिता गोयल ने उपाध्यक्ष पद श्रीमती नीतू गोयल ने, सचिव पद श्रीमती रानी गोयल ने, कोषाध्यक्ष पद श्रीमती सुधा गुप्ता न आईएसओ एवं श्रीमती मंजू बंसल ने सीसी पद ग्रहण किया। कार्यक्रम का प्रारंभ श्रीगणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ। दीप प्रज्वलन पूर्व चार्टर प्रेसिडेंट श्रीमती सीमा अरोरा एवं चार्टर सेक्रेटरी श्रीमती कविता बिंदल ने किया। साथ ही गणेश वंदना की प्रस्तुति उन्नति अग्रवाल के द्वारा दी गई। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब प्रार्थना श्रीमती सुनीता गौड़ के द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती सुनीता भंडावत ने अपनी आवाज में जबकि कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अलका सांड एवं संध्या अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। समापन कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सरिता गोयल उपाध्यक्ष ने समस्त इनरव्हल क्लब पदाधिकारी व सदस्यों के प्रति सहभागिता प्रदान करने पर सभी का धन्यवाद दिया, सभी सदस्य गणों ने उपरोक्त कार्यक्रम को ऑनलाइन शामिल होकर संपन्न किया। इस पूरे कार्यक्रम को इनरव्हील क्लब की पीडीसी श्रीमती सुनीता जैन ने भी काफी सराहा। इनरव्हील क्लब के इस पूरे कार्यक्रम को चार चांद लगाने में आध्या गोयल एवं प्रियंका सांखला ने जूम पर संचालित किया।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन 4 अगस्त को देंगे ज्ञापन

शिवपुरी।

शासन से अपनी मांगों को लेकर एक ओर जहां पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त मोर्चा के बैनर तले 22 जुलाई से आन्दोलन किया जा रहा है। तो वहीं इस आन्दोलन में अब अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मध्यप्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन भी 4 अगस्त से मैदान में उतरेगा जहां 4 अगस्त को संभागीय मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर संभागायुक्त के नाम मांगों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा जाएगा। मध्यप्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरिबल्लभ वर्मा ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त मोर्चा द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर 22 जुलाई से आंदोलन किया जा रहा है। जिसमें अधिकतर मांगें अनार्थिक है। शासन के बेरुखीपन से सभी आंदोलनकारियों में भारी असंतोष हैं। मध्यप्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन भी इस आंदोलन का पूर्ण समर्थन करता है। और प्रांताध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भदौरिया के निर्देश पर मध्यप्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा अपनी 3 प्रमुख मांगों को लेकर 4 अगस्त को संपूर्ण प्रदेश के संभाग मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर संभागायुक्त को मांगों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा जाएगा।इन न्यायोचित व अनार्थिक मांगों पर शासन द्वारा प्रभावी कार्यवाही न करने की स्थिति में मध्यप्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन को आंदोलन हेतु बाध्य होना पड़ेगा। मध्यप्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के उपप्रांताध्यक्ष विजय खैमरिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश सिंह रघुवंशी व जिलाध्यक्ष हरिवल्लभ वर्मा द्वारा ने समस्त एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्यों से इस आन्दोलन में शामिल होने का आह्वान किया है।

## पहली बार वर्क फ्रॉम होम रोजगार अवसर लेकर आई कम्पनियाँ, 294 रजिस्ट्रेशन, 54 युवाओं को मिला जॉब ऑफर








शिवपुरी।

रोजगार कार्यालय एवं रेडियंट ग्रुप के संयुक्त प्रयास से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमे आये नियोक्ताओं ने युवाओं को पहली बार वर्क फॉम होम का रोजगार अवसर उपलब्ध कराया जहाँ कुछ नियोक्ताओं द्वारा वर्चुअल रूप से चयन प्रक्रिया आयोजित की गई वहीं स्वाति ग्रुप और टेक महिंद्रा कंपनी के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार लिए।जिसमे कॉलेज संचालक शाहिद खान ने बताया कि पहली बार रोजगार मेले में वह कंपनियां शामिल हुई जिन्होंने वर्क फ्रॉम होम का ऑफऱ दिया युवक एवं युवतियों ने भी आगे आकर उसमे आवेदन किया।

### इन कंपनियों ने दिया जॉब ऑफर लेटर

टेक महिंद्रा- 12,बजरंग सिक्योरिटी गार्ड 11,स्वाति ग्रुप- 9, मिनडा कॉसमॉस -7,याड़ाकि कॉसमॉस- 6

एक्सलेट्स - साइट इंजीनियर 8 जिला रोजगार अधिकारी एवं कॉलेज संचालक द्वारा युवाओं को जॉइन करने लिए प्रोत्साहन देते हुए रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि इस कोरोना काल में जॉब की संख्या अधिक मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं उस समय यह कम्पनियां आपको रोजगार अवसर दे रही है, साथ में कहा कि कोरोना के समय को देखते हुए यह कम्पनियां आपको वर्क फ्रॉम होम का ऑफ़र दे रही हैं साथ ही ऑफर लेटर प्राप्त युवाओं को बधाई दी।

## मीणा-रावत समाज सेवा संगठन ने दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

**जातिगत टिप्पणी को लेकर समाज मैं आक्रोश**



शिवपुरी। मीणा-रावत समाज सेवा संगठन द्वारा सुदर्शन चैनल द्वारा की गई जातिगत टिप्पणी को लेकर माननीय राष्टपति महोदय के नाम जिलाधीश कार्यालय में नायब तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंपा संघ के जिलाअध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत युवा जिलाध्यक्ष कुबेर सिंह द्वारा बताया गया कि दिनांक 21 जून 2021 को सुदर्शन चैनल के यूट्यूब पर अपलोड किए गए कार्यक्रम में रावत,मीणा समाज के खिलाफ जातिगत टिप्पणी की गई जिससे समाज में आक्रोश एवं आपसी भाईचारे पर चोट पहुंचाई गई इसके खिलाफ प्रांत अध्यक्ष जगदीश मीणा के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में सुदर्शन चैनल के खिलाफ राष्टपति महोदय से मांग की गई के सुदर्शन चैनल की ब्रॉडकास्टिंग का लाइसेंस रद्द करने एवं आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई। अन्यथा समाज को प्रदेश में उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा ज्ञापन मैं विष्णु रावत,रोरी लाल, प्रकाश सिंह,जनक सिंह,कुबेर सिंह,धनीराम, सरदारसिंह,होतम सिंह, रविन्द्र,अशोक सिंह,विनय सिंह,नरेश,सौरभ, सोनू सहित सैकड़ों बंधु उपस्थित रहे।

# जेल की दीवार गिरने से 21 कैदी मलबे में दबे, 2 की हालत गंभीर






## 4 दिन से हो रही बरसात नमी के चलते जेल की दीवार का प्लास्टर गिरने लगा तो कैदियों को बाहर निकालते समय घटित हुआ हादसा

## जर्जर जेल में क्षमता से अधिक कैदी 172 की जगह 256 थे बंद, हादसे के बाद किये जा रहे ग्वालियर उपजेल में शिफ्ट

भिण्ड। जिला जेल में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। जेल के जर्जर भवन की बैरक की दीवार ढहने से 21 बंदी मलबे में दबकर घायल हो गए, जिसमें से दो की हालत गंभीर है। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर, एसपी एवं आरआइ मौके पर पहुंच गए और घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। हैरत की बात यह है कि जेल परिसर में रहते हुए भी जेलर तब पहुंचे जब एसपी एवं आरआइ वहां पहुंचकर पूरा मामला संभाल चुके थे। जेल में बंद अन्य बंदियों को दूसरी बैरकों में शिफ्ट कर दिया गया है। जेल में बैरक नंबर सात के बंदियों ने सुबह 5.20 बजे जेल प्रहरी को सूचना दी कि बैरक का प्लास्टर गिर रहा है, दीवार गिर सकती है। इसी दौरान बैरक की दीवार गिरना शुरू हो गई प्रहरी एवं अन्य जवानों ने वहां से बंदियों को निकालना शुरू किया, लेकिन तब तक दीवार गिर गई। इस हादसे में 21 बंदियों को काफी चोटे आई हैं, जिसमें से रोहित सिंह पुत्र विजेंद्र सिंह भदौरिया निवासी खडेरी का पुरा अटेल व उदय पुत्र कप्तान सिंह निवासी चादनी खोड़ की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिन्हें बेहतर उपचार के लिए ग्वालियर रैफर कर दिया वहीं अन्य घायलों को इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। बैरक नं.7 के अलावा बैरक नं.2 भी क्षतिग्रस्त हुई है। यहां पर सबसे बड़ी लापरवाही यह देखी गई कि जेल परिसर में निवास होने के बाद भी जेलर ओपी पांडे तुरंत घटना स्थल पर नहीं पहुंचे। एसपी मनोज कुमार एवं आरआइ रजनी गुर्जर ने जब घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे हालात को संभाल लिया, तब जेलर मौके पर पहुंचे। इसके साथ जिला अस्पताल में घायल बंदियों ने दबी जुवान से बताया, इस संबंध में कईबार जेलर को अवगत कराया, लेकिन उन्होंने किसी तरह की गंभीरता नहीं दिखाई, अगर समय रहते इसका मेंटनेंस कराया दिया होता तो शायद आज यह हादसा घटित नहीं होता। जबकि ग्राम रतनूपुरा के पास नई जेल बनकर तैयार हो गई, फिर भी उसमें कैदी शिफ्ट नहीं किये गये और शनिवार को बड़ा हादसा घटित हो गया। इस संबंध में जब कलेक्टर सतीश कुमार एस से बात की गई तो उन्होंने बताया पूरे मामले की जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। घटना की सूचना एडीजी गाजीराम मीणा को मिली तो दोपहर में भिंड जेल का निरीक्षण करने पहुंचे और पूरे मामले की जांच कराने के लिए कलेक्टर को कहा। इसके साथ ही जिला अस्पताल में घायल भर्ती बंदियों का हालचाल जाना।

### क्षमता से अधिक जेल में बंद थे कैदी

भिंड उपजेल का निर्माण सन् 1958 में हुआ था, तत्कालीन समय में जेल में 172 कैदी रखे जाने की व्यवस्था की गई थी। अब इस दो मंजिला उपजेल के छोटे-छोटे बैरक में 50 से 60 कैदी रखे जा रहे हैं। वर्तमान में 256 कैदी बंद हैं। यहां पर सबसे बड़ी लापरवाही जेल प्रबंधन की सामने आ रही है कि उन्होंने क्षमता से अधिक कैदियों को जेल में बंद कर रखा था और जर्जर जेल की मरम्मत के लिए ध्यान नहीं दे रहे थे, हर वर्ष जेल मेंटीनेंस के लिए आने वाले बजट को कागजों में दिखाकर खाना पूर्ति कर ली जा रही थी, अगर शासन से मिलने वाले रुपये को जेल के मेंटीनेंस में खर्च किया होता तो शायद आज हादसा टल सकता था।

### अपने बचाव में जेल प्रभारी बोले, पत्र लिखकर पहले ही सूचित कर चुका हूं

भिंड उपजेल के जेलर ओपी पांडेय ने बताया कि मैंने जेल की दीवार में पानी का रिसाव को लेकर लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखा है। दीवार पानी के रिसाव के कारण गिरी है। समय रहते कैदियों को बाहर निकाला गया। अगर जेल की दीवार में पहले से ही पानी का रिसाव हो रहा था तो कैदियों की सुरक्षा के लिए प्रबंधन क्यों नहीं किये गये, अब आनन-फानन में ग्वालियर उप जेल में कैदी शिफ्ट किये जा रहे है पहले यह कदम उठाया होता तो कैदियों को घायल होने से बचाया जा सकता था।

### उपजेल में बंद यह कैदी हुए घायल

शनिवार सुबह जेल की दीवार गिरने से हादसे में घनश्याम बोहरे निवासी गोविंद नगर, केशव शिवहरे निवासी गोविंद नगर, ओमप्रकाश परमार निवासी अंबाह, गुड्डू उर्फकिशन कांत निवासी दबोह, सोनू उर्फशत्रुघन सिंह निवासी शिवाजी नगर भिंड, अर्जुन राजावत निवासी पसिया सेसो थाना इटावा, अंकित लोधी निवासी गुडिया खेड़ा भिंड, राजीव ओझा निवासी बीटी आइ रोड महावीर नगर भिंड, आकाश जाटव निवासी गिरधारी पुर औरैया, बॉबी निवासी रतनपुर औरैया, दिलीप यादव निवासी गीता भवन चौराहा भिंड, राहुल सिंह तोमर निवासी भिंड, रमेश सोनी निवासी हनुमान बजरिया भिंड, बंटू भदौरिया निवासी विजपुरी भिंड, महिपत सिंह निवासी ग्राम पुलावली थाना उमरी भिंड, छोटू रावत निवासी पुरानी बस्ती भिलवार मोहल्ला, दशरथ भदौरिया निवासी भिंड, रोहित भदौरिया निवासी खोडीपुरा भिंड, उदय सिंह निवासी जेल, शिवराज सिंह निवासी पुलावली भिंड, रामअवतार जाटव को चोटें आई हैं। यह सभी बंदी है, जो बैरक नं.7 व 2 में बंद थे।

### इनका कहना है :

उपजेल की दीवार गिरने से बंदी घायल हुए। इस घटना की जांच कराई जाएगी। फिलहाल सभी घायल को उचित उपचार का प्रबंधन किया जा रहा है। बंदियों के परिजनों ने घेरा जेल परिसर घटना की सूचना मिलते ही जेल के बाहर बंदियों के परिजनों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। लोग जेल को घेरकर खडे हो गए हैं, उनका कहना है कि उनको उनके बंदियों से मिलवाया जाए। पुलिस अधीक्षक, आरआइ ने मौके पर भीड़ को संभालने का प्रयास किया।

**-डॉ.सतीश कुमार एस, कलेक्टर भिण्ड**

## संक्षिप्त समाचार

### पुरानी रंजिश के चलते किशोर की मारपीट

भिण्ड। लहार थाना क्षेत्र के पचपेडा तिराहा के पास पुरानी रंजिश के चलते एक किशोर जा रहा था, इसी दौरान उसकी आरोपी ने मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार अनमोल पुत्र सतीश मिश्रा उम्र 17 वर्ष निवासी वार्ड क्र.1 बीजासेन लहार ने बताया शुक्रवार शाम 4.45 बजे क्षेत्र के पचपेडा तिराहा के पास से गुजर रहा था, इसी दौरान बंसल माफीदार पुत्र राजू माफीदार निवासी नया बस स्टैंड के पीछे ने रंजिश के चलते उसकी मारपीट कर गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी।

### बीमारी के चलते युवक की मौत

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र के जोशी नगर में एक व्यक्ति बीमार चल रहा था, जिसे परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम 5 बजे गिर्राज पुत्र गोपी आदिवासी उम्र 28 वर्ष निवासी जोशी नगर अचानक उसकी तबियत खराब हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।



### राष्ट्रीय राज मार्ग 552 पर मिहोना में मंजूर बाईपास का काम शीघ चालू कराने के लिये एसडीएम लहार को दिया ज्ञापन

भिण्ड। मिहोना में भिण्ड से लहार रोड़ मंजूर किये गये बाईपास पर शीघ्र काम शुरू कराने के लिये शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ताओ ने अनुविभागीय अधिकारी लहार को ज्ञापन दिया। जिसमे बाईपास रोड़ को अति शीघ्र बनाये जाने की मांग की गई हैं बाईपास रोड़ के बनने से मिहोना में जनता को जाम की समस्या से निजात मिलेगी और नगर एवं क्षेत्र के सेकड़ो किसानों को फायदा होगा तथा नगर के साथ साथ क्षेत्र के हजारों बेरोजगार युवाओ को रोजगार मिलेगा ज्ञापन देने बालो में अनिल बोहरे पूर्व वरिष्ठ पार्षद अजय चौधरी विवेक शर्मा पूर्व पार्षद उमेश पालीवाल पूर्व पार्षद आदि नगर के गणमान्य नागरिक थे।

### सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड ने किया जिला जेल का निरीक्षण

भिण्ड । जिला जेल भिण्ड की इमारत गिर जाने के कारण लगभग 21 बंदियों के दुर्घटनाग्रस्त होने विषयक सूचना प्राप्त होने पर अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भिण्ड अक्षय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया द्वारा अविलंब जिला जेल भिण्ड का निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक ओ.पी. पाण्डे द्वारा लगभग 21 बंदियों के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी दी गई। जिसमें से 20 बंदियों के जिला चिकित्सालय भिण्ड में उपचार-रत होने तथा 01 बंदी को ग्वालियर रेफर किए जाने की सूचना दी गई। इसके उपरांत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया के द्वारा विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) समरेश सिंह कुशवाह के साथ जिला चिकित्सालय भिण्ड में जाकर प्रत्येक दुर्घटनाग्रस्त बंदी से व्यक्तिगत रूप से पूछताछ कर उसके समुचित इलाज किये जाने की व्यवस्था की गई एवं प्रत्येक बंदी के परिवारजन को बंदी के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना पहुंचाया जाना एवं बंदी से मुलाकात कराया जाना भी सुनिश्चित किया गया।

## नगरीय प्रशासन आवास राज्य मंत्री ओ पी एस भदोरिया ने शहीद दिनेश सिंह भदोरिया की पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण किया

### पर्यावरण ही हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है : ओ पी एस भदोरिया



भिण्ड। भारतीय सेना के वीर सपूत शहीद दिनेश सिंह भदोरिया की 21वीं पुण्यतिथि में राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदोरिया ने वाटर बॉक्स स्टेट शहीद पार्क में पहुंच कर वृक्षारोपण किया और उसमें वरुण देवता के स्वरूप जल का भी दान किया। और उन्होंने स्वयं अपने हाथ से गड्ढा खोदकर वृक्ष को लगाया। राज्यमंत्री भदोरिया ने शहीद दिनेश सिंह भदोरिया की 21वी पुण्य तिथि के अवसर पर वृक्षारोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण ही हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है जिससे हमें जलवायु ऑक्सीजन प्राप्त होती है। राज्यमंत्री भदोरिया ने कहा कि हमें अपने भारतीय सेना के वीर सपूतों पर गर्व है कि जिन्होंने देश की सीमा पर पहुंच कर भारत की रक्षा की कारगिल युद्ध से लेकर के भारत और पाकिस्तान के युद्ध तक विश्व भिंडी ऋषि की स्थापन भूमि के वीर सपूतों ने सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा की उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सेना के देश की सीमाओं पर पहुंच कर उनके साथ अनेक त्यौहार भी बनाते हैं और पूरा सम्मान देकर उनका उत्साह किया आज हमें गर्व है जी हमारे भिंड के वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दे कर के देश के लिए शहीद हुए ऐसे वीर सैनिकों को मैं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक भारतीय किसान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नमो नारायण दीक्षित मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदोरिया टीपू धर्म सिंह भदोरिया सीताराम करैया महामंत्री राजीव उपाध्याय डॉ तरुण शर्मा हनुमंत बहरे एडवोकेट विकास सिंह भदोरिया पप्पू सिंह भदोरिया और कौन डॉक्टर इंद्र प्रकाश त्रिपाठी पूरन सिंह भदोरिया उपेंद्र शर्मा सूरत सिंह भदोरिया आदि लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

## पूरे श्रावण माह तक चलेगा ओम नमः शिवाय अखण्ड जप

### नमः शिवाय महामंत्र जप से कष्ट क्षिणः हो जाते है : ब्रह्मऋषि




भिण्ड। कुण्डेश्वर महादेब मन्दिर इटावा रोड सिटी कोतवाली के सामने चल रहा है महामन्त्र जाप ओम नमः शिवाय की धुन से प्रकृति व पर्यावरण में शुद्धता के साथ साथ पृथ्वी सन्तुलन भी बनाती है आज कोरोना वैशिवक महामारी जूझ रहे देश को प्रभु नाम रूपी महा औषधि से बढ़कर कोई औषधि नही है ओम नमः शिवाय महामन्त्र जप से दैहिक दैविक भौतिक ताप नष्ट हो जाते है उक्त उदगार कुण्डेश्वर महादेव मन्दिर महन्त श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री ब्रह्मऋषि महाराज ने दिए ये भजन कीर्तन की श्रंखला पूरे श्रावण मास चलेगी। जिसमे सूर्योदय से सूर्यास्त तक महिला मण्डल व रात्री में अन्य भक्तगन करेंगे सभी शिवभक्तों से निबेदन है कि इस पुण्य कार्य मे सहभागिता कर धर्मलाभ ले अगर कोई माता बहिन अपने घर पर भी ओम नमः शिवाय का जप कर कितनी मालाएं कीं है उनको मन्दिर द्वारा अधिकृत ब्यक्तियों को लिखा सकते है मो, 9930220942 मो, 7000442770 जो आप के द्वारा किया गया जप हमारे सवा पाँच महामंत्र जप में गिनती हो सकेगा सम्पूर्ण कार्यक्रम मोहनमुनी उर्फ मोनूबाबा की देखरेख में चल रहा है जिसमे सभी भक्तगण व मंदिर प्रबन्धन समिति समिलित है।

## नगरीय विकास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने जिला जेल एवं रतनूपुरा स्थित नवीन जेल का किया निरीक्षण



भिण्ड । नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया, क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने जिला जेल एवं रतनूपुरा स्थित निर्माणाधीन नवीन जेल का निरीक्षण किया। साथ ही निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य में प्रगति लाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार, एएसपी कमलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने नवीन जेल में विभिन्न बैरकों का निरीक्षण कर निर्माणाधीन बैरक में लगने वाले मटेरियल की गुणवत्ता को चेक कर कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य में तेजी लाएं तथा अतिशीघ्र विभाग को हैण्डओवर करें। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने पूरे कैम्पस में भ्रमण कर जो महत्वपूर्ण कार्य अधूरे रह गये हैं उनमें तेजी लाए जाने के निर्देश दिये। मंत्री श्री भदौरिया ने महिला बैरक सहित निर्माण हो रहे पूरे जेल भवन का निरीक्षण किया। साथ ही कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्यों के विषय में जानकारी ली।

## लहार पुरानी तहसील भवन के कार्यालयों को हटाए जाने के लिए कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

### जर्जर हुई इमारत में हादसा की संभावना पर कार्यालय हटाए की रखी मांग



भिण्ड। नगरीय क्षेत्र लहार स्थित तहसील भवन का निर्माण आजादी के पूर्व 1930 में हुआ था, जिसके बाद से लगातार उक्त भवन में अनुविभागीय व तहसील कार्यालय सहित अन्य कई कार्यालय संचालित हो रहे हैं। इन्हें अन्य जगह पर शिफ्ट करते हुए जर्जर हुए भवन को खाली कराया जाए। शनिवार को भिंड जेल में छत गिरने की घटना के बाद लहार कांग्रेस कमेटी द्वारा एसडीएम लहार को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया।

लहार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र त्रिपाठी ने शनिवार को एसडीएम लहार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि लहार में संचालित तहसील भवन भी सो वर्ष के लगभग पुराना हो गया है। ऐसे में यह इमारत बुरी तरह जर्जर हो चुकी है। यहां अनुविभागीय कार्यालय सहित तहसील कार्यालय, रिकॉर्ड रुम, न्यायालय जैसे कार्यालय संचालित हो रहे हैं। लगभग जर्जर हो चुकी इस इमारत के गिरने से यहां भी भिंड जेल जैसा हादसा हो सकता है । इसलिए इन सभी कार्यालयों को अन्य जगह पर शिफ्ट किए जाने के इंतजाम कर जान माल के नुकसान की संभावना को टाला जाऐ।

## मेडिकल में ओबीसी को 27, ईडब्लूएस को 10 फीसदी आरक्षण पर युवा मोर्चा ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

### पीएम नरेंद्र मोदी ने ओबीसी के छात्र छात्राओं को आरक्षण का निर्णय समाज हित में : अमृतपाल सिंह बघेल



भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने मेडिकल एवं डेंटल कॉलेजों में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को 10 प्रतिशत आरक्षण देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस फैसले के लिए भिंड सर्किट हाउस पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से धन्यवाद दिया।

भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा प्रधानमंत्री पीएम नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मेडिकल कोर्सेज में एडमिशन के लिए आर्थिक रूप से कमजोर और पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण की मंजूरी एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दी गई नई व्यवस्था के तहत एमबीबीएस, बीडीएस जैसे ग्रेजुएट कोर्स और पोस्ट ग्रेजुएट स्तर के मेडिकल कोर्सेज में दाखिले के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को 10 फीसदी का आरक्षण मिलेगा। इसका फायदा ऑल इंडिया कोटा स्कीम के तहत राज्य सरकार द्वारा संचालित संस्थानों में लिया जा सकेगा। केन्द्र सरकार ने मेडिकल कोर्सेज में ऑल इंडिया कोटा स्कीम के तहत आरक्षण देने का ऐतिहासिक फैसला लिया है, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते है।

पार्टी जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आरक्षण का सही समय पर निर्णय लेकर छात्र छात्राओं के हितों को देखते हुए शिक्षा नीति को बढ़ावा देकर निर्णय लिया है इससे पिछड़ा वर्ग समाज से जुड़ी सभी जातियों के छात्र-छात्राओं में भारत सरकार के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमृतपाल सिंह बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने ओबीसी छात्र छात्राओं के लिए उचित निर्णय लेकर उनके उज्जवल भविष्य को आगे बढ़ाया है ताकि वे महाविद्यालयों और मेडिकल कॉलेजों शासकीय नौकरियों में अपना स्थान लेकर कार्य करेंगे जिससे हमारा समाज आज दौरान वित्त है कांग्रेश ने हमेशा ओबीसी विरोधी कार्य कर समाज को विकास की मुख्यधारा से दूर रखा भाजपा सत्ता और संगठन पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंतोदय मिशन के साथ अंतिम छोर के व्यक्ति को आगे की पंक्ति में खड़ा कर विकास की बुक धारा से जुड़ रही है द्य उन्होंने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से भी पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आग से जलकर महिला घायल, इलाज के दौरान मौत

भिण्ड। रौन थाना क्षेत्र के ग्राम मछण्ड में एक महिला ने किसी अज्ञात कारणों के चलते आग लगाकर घायल हो गई थी, जिसे उपचार के लिए परिजनों ने ग्वालियर अस्पताल में भर्ती कराया था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग डायरी पर से मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस के अनुसार नीलू पत्नी श्याम जाटव निवासी मछण्ड थाना रौन ने विगत 15 अप्रेल 2021 सुबह 8.30 बजे घर पर किसी अज्ञात कारणों के चलते आग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था, जिसके बाद घायल अवस्था में परिजनों ने उपचार के लिए ग्वालियर जेएएच अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान 30 जुलाई को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

## उद्योगों की दशा पर चिंता

संसद की स्थायी समिति ने भी छोटे व मझौले उद्योगों की दशा पर चिंता जता दी है। संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में समिति ने पाया है कि एक साल में छोटे और मझौले उद्योगों पर गहरी मार पड़ी है। बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो गए हैं। यह समिति छोटे और मझौले उद्योगों पर महामारी के असर का आकलन करने और उससे उबरने के उपाय सुझाने को बनाई गई थी। हालांकि समिति ने ऐसी कोई नई बात नहीं कही है जो पहले से सबको पता न हो। सरकार में ऊपर से नीचे तक सब जान रहे हैं कि हालात कितने बदतर हैं। वित्त मंत्रालय, रिजर्व बैंक, रेटिंग एजेंसियां, आर्थिक हालात पर नजर रखने और उनका विश्लेषण करने वाले और छोटे-बड़े उद्योग संगठन भी जमीनी हालात से अनजान नहीं रहे। लेकिन संसदीय समिति की रिपोर्ट का अपना महत्त्व होता है। उसकी अपनी साख होती है। हालात का जायजा सदस्यों ने स्वयं लिया है। इसमें आरोप-प्रत्यारोप के आधार पर कुछ नहीं कहा गया है। सदन को वस्तुस्थिति से अवगत करवाना समिति का दायित्व होता है। इसलिए रिजर्व बैंक और दूसरे निकायों के बाद अगर संसदीय समिति भी कह रही है कि उद्योगों के हालात ज्यादा खराब हैं तो यह चिंता की बात है। महामारी के कारण पिछला वित्त वर्ष खराब गुजरा। मौजूदा हालात तो बता रहे हैं कि यह साल भी कोई अच्छा नहीं रहने वाला। पिछले साल मार्च के अंतिम हफ्ते से की गई लॉकडाउन से उद्योग जगत एक तरह से ठप पड़ गया था। तब पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था 24 फीसद तक गिर गई थी। हालांकि सरकार दावा करती रही कि जल्दी ही सब कुछ सामान्य होने लगेगा। त्योहारी मौसम में मांग निकलने से अर्थव्यवस्था में एक बार सुधार के संकेत दिखे भी, पर ये बहुत ज्यादा समय तक नहीं रहे। सरकार ने खुद को कुछ करता हुआ दिखाने के लिए समय-समय आर्थिक पैकेजों का एलान किया। पर ये अपर्याप्त रहे। सरकार ने मदद के तौर पर उद्योगों को कर्ज देने की रणनीति अपनाई। जबकि छोटे उद्योग तो पहले ही से कर्ज में दबे पड़े थे। उनके लिए और कर्ज लेने का मतलब था और बड़े संकट को न्योता देना। यही स्थिति अभी बनी हुई है। संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में माना है कि सरकार ने अब तक जो प्रोत्साहन पैकेज घोषित किए, वे नाकाफी हैं। समिति इस नतीजे पर पहुंची है कि मांग पैदा करने के मकसद से अब तक जो उपाय किए गए, वे दीर्घकालिक और कर्ज वाले थे। जबकि एमएसएमई क्षेत्र को तत्काल राहत के रूप में नगदी की जरूरत थी। इसलिए समिति ने सरकार से जल्दी ही ऐसे उपाय करने को कहा है जो उद्योगों को नगदी के रूप सीधी मदद मुहैया करा सकें। हकीकत यह है कि बाजारों में मांग नहीं है। बाजार खुल तो गए हैं लेकिन खरीदार नदारद हैं। रोजमर्रा के जरूरी सामान को छोड़ कर लोग कुछ भी खरीदने से बच रहे हैं। इसकी एकमात्र वजह साल भर में करोड़ों लोगों का रोजगार छिन जाना है। आबादी के बड़े हिस्से को रोजगार छोटे उद्योगों से ही मिलता है। जब लोगों के हाथ में पैसा आता है तभी मांग पैदा होती है। लेकिन अभी यह चक्र टूटा पड़ा है। जब तक उद्योगों का पहिया तेजी से नहीं चलाया जाएगा, तब तक रोजगार पैदा नहीं होगा। इसलिए उद्योगों को संकट से उबारने के लिए कर्ज की बजाय सीधी मदद जैसे व्यावहारिक उपायों पर गौर करने की जरूरत है। सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाते हैं। यानी अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए एमएसएमई का मजबूत होना अनिवार्य है। लेकिन भारत में अर्थव्यवस्था की रीढ़ यानी एमएसएमई कमजोर, कुपोषित और उपेक्षित है। अर्थव्यवस्था पर इसका असर स्पष्ट तौर पर दिख रहा है। जब भी कभी किसी झटके से कमजोर रीढ़ हिलती-डुलती है, अर्थव्यवस्था निढाल-सी पड़ी दिखाई देती है। सरकारी परिभाषा में एमएसएमई का निर्धारण निवेश राशि व कारोबार राशि की सीमा से होता है। एक करोड़ रुपए तक निवेश और पांच करोड़ रुपए तक सालाना कारोबार करने वाला उद्यम सूक्ष्म श्रेणी में आता है।

# पेरू में समाजवादी पेड्रो कैस्टिलो की विजय और कठिन चुनौतियाँ

**संजय पांडे**

कोरोना महामारी से तबाही झेल रहे पेरू का स्पेनिश उपनिवेशवाद से मुक्ति के बाद से 200 साल का इतिहास है, वहां पिछले 20 वर्षों से में लोकतंत्र जड़ पकड़ रहा है. 1985 के बाद से सत्ता में आने वाले पेरू के सभी राष्ट्रपति भ्रष्टाचार में उलझे हुए हैं, पिछले साल नौ दिनों में तीन राष्ट्रपति देश में आए. पेरू के तीन राष्ट्रपति भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं. एक का ट्रायल चल रहा है. एक अन्य, एलन गार्सिया ने 2019 में पुलिस को गिरफ्तार करने की कोशिश करते हुए आत्महत्या कर ली. एक तीसरे पूर्व राष्ट्रपति, मार्टिन विज़कारा को भ्रष्टाचार के आरोपों में कांग्रेस द्वारा 10 साल के लिए सार्वजनिक पद पर रहने से प्रतिबंधित कर दिया गया है. स्थापित पूंजीवादी पार्टियों में लोगों का विश्वास कम हो गया था और वे निराशा में थे. पेरू में पिछले महीने कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या दुनिया में प्रति व्यक्ति मौत के मामले में सबसे ज्यादा थी. भ्रष्ट राजनीतिक वर्ग के प्रति घृणा बढ़ रही थी, लेकिन आर्थिक ध्रुवीकरण भी ऐसा ही था.

राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर के लगभग एक माह बाद 21 जुलाई, 2021 को चुनाव आयोग ने 51 वर्षीय पेड्रो कैस्टिलो को राष्ट्रपति घोषित किया. काफी सूक्ष्म अंतर से, उन्होंने दक्षिणपंथी विचारधारा के पूर्व राष्ट्र अध्यक्ष अल्बर्टो फुजीमोरी की बेटी और खुद को शक्तिशाली पेरूवियन अभिजात वर्ग का प्रतीक समझने वाली किको फुजीमोरी को हराया. राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक संकट के समय में गरीबी और असमानता को कम करने में विश्वास रखने वाले 51 वर्षीय किसान और शिक्षक पेड्रो कैस्टिलो की जीत हुई है.

कौन हैं पेड्रो कैस्टिलो?

पेड्रो कैस्टिलो का जन्म और पालन-पोषण पेरू के उत्तरी पहाड़ों में हुआ था. उनके माता-पिता अनपढ़ किसान थे. बचपन में उन्हें दूरतक 2-3 घंटे पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता था. उन्होंने अपने परिवार के साथ खेतिहर मजदूर पर काम किया. किराए का भुगतान करने में असमर्थ, होने पर अच्छी खासी फसल को जमींदार को उठा ले जाते देखकर रोए. उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी करने के लिए कई काम किए, जब वे छोटे थे तब लीमा में होटल के कमरों की सफाई की. उत्तरी पेरू के एक शहर में विश्वविद्यालय में पढाई पूरी करके, वह अपने उसी पहाड़ी प्रदेश में लौट आए, जहाँ 40 प्रतिशत बच्चे कुपोषित थे और पानी या स्वच्छता का आभाव था. शिक्षक बनने के बाद उन्होंने उसी क्षेत्र में एक स्कूल शुरू किया. उन्होंने अपने उत्तरी काजमार्का के सुदूर गाँव और गृहनगर सैन लुइस डी प्युना में पिछले 25 वर्षों से प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक के रूप में काम किया. वहीँ स्कूल शिक्षक संगठन के कार्यकर्ता बने और 2017 के वेतन वृद्धि के लिए पिछले 30 वर्षों में सबसे बड़ी राष्ट्रव्यापी हड़ताल ने बड़ी संख्या में शिक्षकों को लामबंद किया. उन्होंने मार्क्सवादी-लेनिनवादी पार्टी में काम करना शुरू किया और अपने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में पार्टी का विश्वास और समर्थन हासिल किया.

चुनावी मुद्दे-

किको फुजीमोरी की पार्टी 'पोपुलर फ्रंट' जिसका प्रतिक भगवा रंग का है बीच में उनका ही नाम च बड़े सफ़ेद रंग से लिखा है एक घोर दक्षिणपंथी संकिर्तावादी और पूंजीवाद की समर्थक पार्टी है. किको फुजीमोरी ने ÷साम्यवाद÷ के उदय डर दिखा कर आक्रामक प्रचार किया, अतीत का कम्युनिज्म का भूत लौटा तो वेनेजुएला की तरह में इस देश का भी पतन निश्चित होने की भविष्यवानियाँ की. उनका नारा था- ÷अपने भविष्य के बारे में सोचें, साम्यवाद को अस्वीकार करें÷- ये उनका नारा था. उनकी ÷पॉपुलर फोर्स÷ पार्टी को हाई-प्रोफाइल व्यापारिक समूहों के साथ-साथ पूर्व सैन्य अधिकारीयों का भी समर्थन प्राप्त था. पूरे चुनाव अभियान के दौरान, उन्होंने पेड्रो के अतिवामपंथी कम्युनिस्ट विद्रोही समूह 'शाइनिंग पाथ' से जुड़े होने का झूठा प्रचार भी धड़ल्ले से किया. उन्होंने लैटिन अमेरिका केवामपंथी नेताओं पर आलोचनाओं की बौछार कर दी. उन्होंने साम्यवादी अत्याचार (रेड-बाईटिंग का) का प्रोपगंडा, लोगों में बेबुनियाद भय फैलाना जिसे फियर मोङ्ग्रिंग रहे हैं, यदि किसी विशेष निर्वाचन क्षेत्र के निवासियों को राजनीतिक समर्थन मिलता है तो उन्हें सरकारी खर्चों में लाभ पहुँचाने का लालच जिसे वहां की राजनितिक जुबान में पोर्क बैरल पॉलिटिक्स कहते हैं ये सब बडे आक्रामक ढंग से वहां की निजी मीडिया में भारी विज्ञापन लागतों से किया. ÷हाँ लोकतंत्र के लिए! साम्यवाद नहीं! ÷ और ÷हम एक और वेनेजुएला नहीं बनना चाहते !÷ जैसे उद्घोष उनके चुनावी नारों का प्रमुख हिस्सा थे. किको फुजीमोरी ने इस 2021 के राष्ट्रपति चुनाव को 'मार्केट और मार्क्सवाद' के बीच का चुनाव बताते हुए उनके प्रतिद्वंदी पेड्रो कैस्टिलो को कम्युनिस्ट के चित्रित किया.

ये चुनाव किको फुजीमोरी के लिए काफी ज्यादा अहम थे. 46 वर्षीय फुजीमोरी, जो चुनाव हार गईं, पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फुजीमोरी की बेटी हैं. जापानी-पेरू के किको फुजीमोरी पर कपड़ों के गबन, विदेशों में अवैध रूप से पैसा लगाने, 2013 में कैलाओ के बंदरगाह में ड्रग-विरोधी पुलिस ने अपनी संपत्ति कंपनी की दुकान में 100 किलोग्राम कोकीन खोजने, कोकीन माफिया के साथ मिलीभगत, मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार. वह जेल में थी और 5 मई, 2020 को जमानत पर रिहा हुई थी. पेरू की अदालतों में दोषी ठहराए जाने पर किको को अपहरण और चुनावी धोखाधड़ी सहित कई आरोपों में 30 साल तक की जेल हो सकती है. भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं रही किको ने दावा किया था कि अगर वह राष्ट्रपति पद जीतती हैं, तो 30 से अधिक सह-प्रतिवादियों के खिलाफ मुकदमे जारी रहेंगे, लेकिन उन्हें पांच साल के लिए बरी कर दिया जाएगा.


फुजीमोरिज्म और नवउदारवादी मॉडल पिछले तीस वर्षों से पेरू पर हावी हैं. किको के जापानी मूल के पिता, अल्बर्टो फुजीमोरी को उनके बनाए निजी सैनिक समूह ग्रुपो कॉलिना डेथ स्क्वाड द्वारा हजारों लोगों के नरसंहार की घटनाएँ प्रकाश में आई हैं. उनके 20 वर्षीय कार्यकाल सामाजिक कार्यकर्ताओं और ट्रेड यूनियनवादियों के लापता होने, उनकी हत्याएं होने, 25 लाख से अधिक स्थानीय आदिवासी महिलाओं की जबरन नसबंदी, राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों का निजीकरण और सैकड़ों अरबों डॉलर की कर चोरी जैसे गंभीर मामलों में सजा हो चुकी है. अल्बर्टो को अपराधों के लिए 25 साल जेल की सजा सुनाई गई थी. किको के अनुसार वे राष्ट्रपति बनते ही अपने अधिकारों के इस्तेमाल से उन्हें सजा माफ़ी देने वालीं थीं. पिछले तीस वर्षों में बड़े व्यापारी और अमीर हुए हैं और गरीब और गरीब हुए हैं.

वहीँ दूसरी ओर पेड्रो कैस्टिलो समाजवादी विचारधारा का समर्थन करने वाली पेरू लिब्रे (मुक्त पेरू) से हैं. उन्होंने अपने पहाड़ी प्रदेश के लोगों द्वारा पहनी जाने वाली चौड़ी-चौड़ी स्ट्रॉ टोपी पहनकर एक किसान की तरह प्रचार किया. उन्होंने बैठक में कहा कि वह सार्वजनिक कंपनियों को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक गैस जैसे कुछ संसाधनों का राष्ट्रीयकरण करेंगे और खनन कंपनियाँ जो पेरू की अर्थव्यवस्था का इंजन हैं उनके के साथ नए कर समझौते करेंगे. उनकी फ्री पेरू पार्टी ने चुनाव अभियान के दौरान वेनेजुएला में अमेरिकी हस्तक्षेप का विरोध किया और ÷लीमा ग्रुप÷ को बाहर करने की कसम खाई, जिसमें निकोलस मादुरो को उखाड़ फेंकने की मांग करने वाली दक्षिणपंथी सरकारें शामिल हैं. दूसरी ओर, कैस्टिलो की कानूनी टीम ने भी कथित धोखाधड़ी के बारे में फुजीमोरी के अधिकांश दावों को खारिज करने और अधिकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इस बीच, राष्ट्रपति पद को औपचारिक रूप से मान्यता दिए जाने से पहले, उनकी आर्थिक टीम ने एक ओर ट्रेड यूनियनों और सामाजिक आंदोलनों के साथ बातचीत शुरू की, और दूसरी ओर आर्थिक और व्यावसायिक अभिजात वर्ग और प्रतिनिधियों के साथ. कैस्टिलो ने खुद देश के दौरे पर सक्रिय रूप से महापौरों, राज्यपालों और प्रांतीय प्रतिनिधियों के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका, ओएएस और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की.

# किसान आंदोलन : सम्मान नहीं तो समाधान कैसे ?

**तनवीर जाफ़री**

देश के दर्जनों राष्ट्रीय व क्षेत्रीय किसान संगठनों द्वारा गठित %संयुक्त किसान मोर्चा% द्वारा संचालित किया जा रहा किसानों का धरना व आंदोलन शीघ्र ही अपने एक वर्ष पूरे करने जा रहा है। पिछले दिनों इस आंदोलन को एक बड़ी सफलता तब हाथ लगी जबकि दिल्ली के अनेक सीमाओं पर चलने वाला किसानों का यह धरना-आंदोलन दिल्ली की सीमाओं से आगे बढ़कर संसद भवन के द्वार पर स्थित राजधानी के सबसे प्रमुख धरना स्थल %जन्तर मंतर % तक पहुँचने में कामयाब रहा। गत 22 जुलाई से किसान मोर्चा के प्रमुख नेता जन्तर मंतर पर %किसान संसद % के नाम पर लगभग 200 किसान नेताओं के समूह साथ प्रतिदिन इकठ्ठा हो रहे हैं और भारतीय संसद के समानांतर %किसानों की संसद% चलाकर नए कृषि क़ानूनों की कमियों इसकी ख़ामियों तथा किसानों को इस क़ानून से होने वाले नुक़सान पर चर्चा कर रहे हैं। उधर सभी विपक्षी दल भी संसद में किसान आंदोलन,मंहगाई व पेगासस जासूसी सहित अनेक ज्वलंत जन समस्याओं को लेकर सरकार को घेर रहे हैं। किसान आंदोलन को लेकर सबसे बड़ा गतिरोध इसी बात को लेकर चल रहा है कि सरकार बार बार किसानों से इन कृषि क़ानूनों में संशोधन संबंधी सुझाव मांग रही है और उन सुझाए गए संशोधनों पर विचार करने के लिए तैयार है



जबकि किसान मोर्चा के सभी नेता इस नये कृषि क़ानूनों को रद्द किये जाने सिवा सरकार की किसी भी दूसरी शर्त या प्रस्ताव को मानने के लिये फ़िलहाल तैयार नहीं हैं।

परन्तु इन गतिरोधों से इतर सत्ता पक्ष की ओर से कुछ ऐसी बातें या बयान अथवा सरकारी प्रयास सामने आते रहते हैं जिनसे यह पता चलता है कि सत्ता के अनेक ज़िम्मेदार लोग या तो किसान आंदोलन को मान्यता ही नहीं देना चाहते या जानबूझकर किसी रणनीति के तहत इसे बदनाम करना चाहते हैं। सत्ता के अनेक %पियादों % व %वज़ीरों% द्वारा इन्हीं आंदोलन कारी किसानों को कभी ख़ालिस्तानी बताया गया ,कभी इन्हें ए के 47 धारी किसान बताया,कभी इनके आर्थिक स्त्रोतों पर सवाल खड़ा किया गया,यहां तक कि इसे विदेशी फ़ंडिंग से चलने वाला आंदोलन बताकर इस पूरे आंदोलन को ही एक अंतर्राष्ट्रीय साज़िश बताने की कोशिश की गयी। कभी इस आंदोलन के पीछे चीन व पाकिस्तान समर्थित तो कभी इसे आतंकियों का आंदोलन बता दिया गया। कभी किसानों पर विपक्षी दलों के हाथों खेलने का आरोप लगा तो कभी कहा गया कि आंदोलन के नाम पर किसान राजनीति कर रहे हैं। कभी इसे शाहीन बाग़ वालों का आंदोलन तो कभी सी ए ए व एन आर सी का विरोध करने वालों का आंदोलन बताया गया। इस तरह की बातें साधारण पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा नहीं बल्कि सांसद व मंत्री स्तर के नेताओं द्वारा बार बार कही गयीं। 26 जनवरी की लाल क़िले की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद तो इस आंदोलन को आराजक तत्वों का आंदोलन तक बताया जाने लगा था। किसान आंदोलनकारियों को %आन्दोलन जीवी% तक कहा गया। आन्दोलन जीवी शब्द तो स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा संसद में इस्तेमाल किया गया। और अब पिछले दिनों जब 22 जुलाई को जंतर मंतर पर किसानों द्वारा किसान संसद की शुरुआत की जा रही थी ठीक उसी समय नव नियुक्त विदेश राज्यमंत्री तथा भाजपा प्रवक्ता मीनाक्षी लेखी ने प्रेस वार्ता के दौरान कृषि कानूनों का विरोध करने वाले किसानों को किसान मानने से ही इनकार कर दिया। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि -%आप उनको किसान कहना बंद कीजिए क्योंकि वो किसान नहीं हैं। किसानों के पास इतना समय नहीं है कि वो जंतर-मंतर पर धरना देकर बैठे। वो अपने खेतों में काम कर रहा है। ये सिर्फ़ साज़िशकर्ताओं द्वारा भड़काए हुए लोग हैं, जो किसानों के नाम पर ऐसी हरकतें कर रहे हैं। ये सिर्फ़ आढ़तियों द्वारा बैठाए हुए लोग हैं ताकि किसानों को कृषि क़ानून का फ़ायदा न मिल सके.

# पेगासस-कांड को कैसे हल करें ?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

पेगासस-जासूसी के मामले में हमारी सरकार ऐसी फंस गई है कि उसे कोई रास्ता ही नहीं सूझ रहा है। संसद का काम-काज लगभग ठप्प हो चुका है और संसद की तकनीकी सूचना समिति की जो बैठक उसके अध्यक्ष और कांग्रेसी सदस्य शशि थरुर ने बुलाई थी, उसका भाजपा सांसदों और अफसरों ने बहिष्कार कर दिया। भाजपा सांसद थरुर को हटाने की बातें कर रहे हैं और थरुर भी उन पर गंभीर आक्षेप कर रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर संसद के बाहर भी प्रदर्शनों और बयानों का तांता लगा हुआ है। सरकार के लिए चिंता की बात यह है कि दो प्रसिद्ध पत्रकारों ने सर्वोच्च न्यायालय में पेगासस के मामले में याचिका लगा दी है, जिसकी सुनवाई अगले हफ्ते होनी है। हमारे विरोधी दल सोच रहे हैं कि जैसे अमेरिका में वाटरगेट कांड राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की कुर्सी ले बैठा था, बिल्कुल वैसे ही पेगासस को वे नरेंद्र मोदी के गले का पत्थर बना देंगे। लेकिन शायद यह संभव नहीं होगा, क्योंकि पिछले कांग्रेसी, जनता दल और जनता पार्टी के शासनों के दौरान भी जासूसी के कई गंभीर मामले सामने आते रहे हैं। यदि पेगासस तूल पकड़ेगा तो पता नहीं कितने गड़े मुर्दे उखाड़े जाएंगे इसके अलावा सबसे बड़ा सवाल यह है कि जासूसी कौनसी सरकार नहीं करती? राष्ट्रहित की दृष्टि से सबसे अच्छा यह होगा कि सत्ता और विपक्ष के नेता बंद कमरे में गोपनीय बैठक करें। सरकार ने यदि गल्तियां की हैं तो वह नम्रतापूर्वक क्षमा मांगे।

यह सारा मामला यदि खुले-आम चलता रहा तो बहुत से राष्ट्रीय रहस्य भी अपने आप खुल पड़ेंगे, जो कि भारत के लिए नुकसानदेह होगा। इसमें शक नहीं कि यदि पेगासस की सूची में पत्रकारों, नेताओं, वकीलों, उद्योगपतियों आदि के नाम हैं तो मानना पड़ेगा कि यह सरकार की आपराधिक कार्रवाई है और असंवैधानिक है। इस तरह की कार्रवाई के खिलाफ खुद इस्राइल में आवाजें उठ रही हैं। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमेनुअल मेक्रों के घावों पर मरहम लगाने के लिए इस्राइली रक्षा मंत्री बेनी गांट्ज खुद पेरिस पहुंच गए हैं। ब्रिटिश सरकार भी इस मामले पर जांच बिठा रही है। पेगासस ने अपनी खाल बचाने के लिए यह दांव मारा है कि कई सरकारों को दी जा रही उसकी सेवाओं पर उसने रोक लगा दी है और वह जांच कर रही है कि जो जासूसी-यंत्र उसने आतंकवादियों और अपराधियों पर निगरानी के लिए बेचा था, कई सरकारें उसका दुरुपयोग कैसे कर रही हैं?

## हर जीव में व्याप्त नारायण

वैदिक साहित्य से हम जानते हैं कि परम-पुरुष नारायण प्रत्येक जीव के बाहर तथा भीतर निवास करने वाले है। वे भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों जगतों में विद्यमान हैं। यद्यपि वे बहुत दूर हैं, फिर भी हमारे निकट हैं-आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतरू हम भौतिक इन्द्रियों से न तो उन्हें देख पाते हैं, न समझ पाते हैं अतएव वैदिक भाषा में कहा गया है कि उन्हें समझने में हमारा भौतिक मन तथा इन्द्रियां असमर्थ हैं। किन्तु जिसने, भक्ति में कृष्णभावनामृत का अभ्यास करते हुए, अपने मन-इन्द्रियों को शुद्ध कर लिया है, वह उन्हें निरन्तर देख सकता है। ब्रघ्संहिता के अनुसार परमेर के लिए जिस भक्त में प्रेम उपज चुका है, वह निरन्तर उनके दर्शन कर सकता है। और भगवद्गीता में कहा गया है कि उन्हें केवल भक्ति द्वारा देखा-समझा जा सकता है। भगवान सबके हृदय में परमात्मा रूप में स्थित हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे बंटे हुए हैं? नहीं। वास्तव में वे एक हैं। जैसे सूर्य मध्याह्न समय अपने स्थान पर रहता है, लेकिन यदि कोई पांच हजार मील की दूरी पर घूमे और पूछे कि सूर्य कहां है, तो सभी कहेंगे कि वह उसके सिर पर चमक रहा है। इस उदाहरण का अर्थ है कि यद्यपि भगवान अविभाजित हैं, लेकिन इस प्रकार स्थित हैं मानो विभाजित होंवैदिक साहित्य में यह भी कहा गया है कि अपनी सर्वशक्तिमत्ता द्वारा एक विष्णु सर्वत्र विद्यमान हैं।

जिस तरह एक सूर्य की प्रतीति अनेक स्थानों में होती है। यद्यपि परमेर प्रत्येक जीव के पालनकर्ता हैं, किन्तु प्रलय के समय सबका भक्षण भी कर जाते हैं। सृष्टि रची जाती है, तो वे सबको मूल स्थिति से विकसित करते हैं और प्रलय के समय सबको निगल जाते हैं। वैदिक पाह्यत पुष्टि करते हैं कि वे समस्त जीवों के मूल तथा आश्रय-स्थल हैं। सृष्टि के बाद सारी वस्तुएं उनकी सर्वशक्तिमत्ता पर टिकी रहती हैं और प्रलय बाद सारी वस्तुएं पुन~ उन्हीं में विश्राम पाने के लिए लौट आती हैं।

# लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्य तिथि

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

बाल गंगाधर तिलक (अथवा लोकमान्य तिलक, मूल नाम केशव गंगाधर टिळक, 23 जुलाई 1856 - 1 अगस्त 1920), एक भारतीय राष्ट्रवादी, शिक्षक, समाज सुधारक, वकील और एक स्वतन्त्रता सेनानी थे। ये भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के पहले लोकप्रिय नेता हुए; ब्रिटिश औपनिवेशिक प्राधिकारी उन्हें ÷भारतीय अशान्ति के पिता÷ कहते थे। उन्हें, ÷लोकमान्य÷ का आदरणीय शीर्षक भी प्राप्त हुआ, जिसका अर्थ हैं लोगों द्वारा स्वीकृत (उनके नायक के रूप में)। लोकमान्य तिलक जी ब्रिटिश राज के दौरान स्वराज के सबसे पहले और मजबूत अधिवक्ताओं में से एक थे, तथा भारतीय अन्तःकरण में एक प्रबल आमूल परिवर्तनवादी थे। उनका मराठी भाषा में दिया गया नारा ÷स्वराज्य हा माझा जन्मसिद्ध हक्क आहे आणि तो मी मिळवणारच÷ (स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर ही रहूँगा) बहुत प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कई नेताओं से एक क़रीबी सन्धि बनाई, जिनमें बिपिन चन्द्र पाल, लाला लाजपत राय, अरविन्द घोष और वी0 ओ0 चिदम्बरम पिल्लै शामिल थे।

प्रारम्भिक जीवन

लोकमान्य तिलक का जन्मस्थान

लोकमान्य तिलक का जन्म 23 जुलाई 1857 को ब्रिटिश भारत में वर्तमान महाराष्ट्र स्थित रत्नागिरी जिले के एक गाँव चिखली में हुआ था। ये आधुनिक कालेज शिक्षा पाने वाली पहली भारतीय पीढ़ी में से एक थे। इन्होंने कुछ समय तक स्कूल और कालेजों में गणित पढ़ाया। अंग्रेजी शिक्षा के ये घोर आलोचक थे और मानते थे कि यह भारतीय सभ्यता के प्रति अनादर सिखाती है। इन्होंने दक्कन शिक्षा सोसायटी की स्थापना की ताकि भारत में शिक्षा का स्तर सुधरे



राजनीतिक यात्रा- लाल-बाल-पाल की त्रिमूर्ति का एक दुर्लभ चित्र जिसमें बायें से लाला लाजपतराय, बीच में लोक्मान्य तिलक जी और सबसे दायें श्री बिपिनचन्द्र पाल बैठे हैं सन 1907 में सूरत कांग्रेस के पश्चात राष्ट्रवादियों की सभा को सम्बोधित करते हुए बालगंगाधर तिलक । इस सभा की अध्यक्षता अरविन्द घोष ने की थी। लोकमान्य तिलक ने इंग्लिश मेमराठा दर्पण व मराठी में केसरी नाम से दो दैनिक समाचार पत्र शुरू किये जो जनता में बहुत लोकप्रिय हुए। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजी शासन की क्रूरता और भारतीय संस्कृति के प्रति हीन भावना की बहुत आलोचना की। उन्होंने माँग की कि ब्रिटिश सरकार तुरन्त भारतीयों को पूर्ण स्वराज दे। केसरी में छपने वाले उनके लेखों की वजह से उन्हें कई बार जेल भेजा गया। लोकमान्य तिलक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हुए लेकिन जल्द ही वे कांग्रेस के नरमपंथी रवैये के विरुद्ध बोलने लगे। 1907 में कांग्रेस गरम दल और नरम दल में विभाजित हो गयी। गरम दल में लोकमान्य तिलक के साथ लाला लाजपत राय और श्री बिपिन चन्द्र पाल शामिल थे। इन तीनों को लाल-बाल-पाल के नाम से जाना जाने लगा। 1908 में लोकमान्य तिलक ने क्रान्तिकारी प्रफुल्ल चाकी और क्रान्तिकारी खुदीराम बोस के बम हमले का समर्थन किया जिसकी वजह से उन्हें बर्मा (अब म्यांमार) स्थित मांडले की जेल भेज दिया गया। जेल से छूटकर वे फिर कांग्रेस में शामिल हो गये और 1916 में एनी बेसेंट जी और मुहम्मद अली जिन्ना के साथ अखिल भारतीय होम रूल लीग की स्थापना की।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसः

लोकमान्य तिलक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से 1890 में जुड़े। हालांकि, उसकी मध्य अभिवृत्ति, खासकर जो स्वराज्य हेतु लड़ाई के प्रति थी, वे उसके ख़िलाफ़ थे। वे अपने समय के सबसे प्रख्यात आमूल परिवर्तनवादियों में से एक थे।[5] अल्पायु में विवाह करने के व्यक्तिगत रूप से विरोधी होने के बावजूद, लोकमान्य तिलक 1891 एज ऑफ़ कंसेन्ट विधेयक के खिलाफ थे, क्योंकि वे उसे हिन्दू धर्म में अतिक्रमण और एक खतरनाक उदाहरण के रूप में देख रहे थे। इस अधिनियम ने लड़की के विवाह करने की न्यूनतम आयु को 10 से बढ़ाकर 12 वर्ष कर दिया था।

केसरी का सम्पादकीय

लोकमान्य तिलक ने अपने पत्र केसरी में ÷देश का दुर्भाग्य÷ नामक शीर्षक से लेख लिखा जिसमें ब्रिटिश सरकार की नीतियों का विरोध किया। उनको भारतीय दंड संहिता की धारा 124-ए के अन्तर्गत राजद्रोह के अभियोग में 27 जुलाई 1897 को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें 6 वर्ष के कठोर कारावास के अंतर्गत माण्डले (बर्मा) जेल में बन्द कर दिया गया।[6]

भारतीय दंड संहिता में धारा 124-ए ब्रिटिश सरकार ने 1870 में जोड़ा था जिसके अंतर्गत ÷भारत में विधि द्वारा स्थापित ब्रिटिश सरकार के प्रति विरोध की भावना भड़काने वाले व्यक्ति को 3 साल की कैद से लेकर आजीवन देश निकाला तक की सजा दिए जाने का प्रावधान था।÷ 1898 में ब्रिटिश सरकार ने धारा 124-ए में संशोधन किया और दंड संहिता में नई धारा 153-ए जोड़ी जिसके अंतर्गत ÷अगर कोई व्यक्ति सरकार की मानहानि करता है यह विभिन्न वर्गों में नफरत फैलाता है या अंग्रेजों के विरुद्ध घृणा का प्रचार करता है तो यह भी अपराध होगा।÷

माण्डले में कारावास

ब्रिटिश सरकार ने लोकमान्य तिलक को 6 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई, इस दौरान कारावास में लोकमान्य तिलक ने कुछ किताबो की मांग की लेकिन ब्रिटिश सरकार ने उन्हे ऐसे किसी पत्र को लिखने पर रोक लगवा दी थी जिसमे राजनैतिक गतिविधियां हो। लोकमान्य तिलक ने कारावास में एक किताब भी लिखी, कारावास पूर्ण होने के कुछ समय पूर्व ही बाल गंगाधर तिलक की पत्नी का स्वर्गवास हो गया, इस ढुखद खबर की जानकारी उन्हे जेल में एक ख़त से प्राप्त हुई। और लोकमान्य तिलक को इस बात का बेहद अफसोस था की वे अपनी म्रतक पत्नी के अंतिम दर्शन भी नहीं कर।

# अक्षय कुमार की राम सेतु से बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं तेलुगु अभिनेता सत्यदेव



तेलुगु फिल्मों में उनके काम को व्यावसायिक और आलोचनात्मक प्रशंसा मिलने के साथ, तेलुगु अभिनेता सत्यदेव ने विशेष रूप से पिछले एक साल में अच्छी खासी संख्या हासिल कर ली है। अब, वह अक्षय कुमार-स्टारर राम सेतु से बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने के लिए तैयार हैं, और उनका कहना है कि हिंदी फिल्मों की खोज करना हमेशा उनके दिमाग में था। जहां वह अपने चरित्र के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं, वहीं सत्यदेव बड़े बजट की हिंदी परियोजना के बारे में बैकस्टोरी देने में सहज हैं। उनका कहना है, यह कहीं से भी निकला। मैंने वहां अपना प्रोफाइल भी नहीं रखा था, और यह मेरी गोद में आ गया। यह एक बहुत अच्छी भूमिका है। कुछ चीजें होती हैं और हमें एहसास भी नहीं होता है कि यह हो रहा है और इसी तरह से मेरा बॉलीवुड डेब्यू हुआ। मैं कहूंगा कि मुझे जहां रखा गया है, उसके लिहाज से यह बॉलीवुड का सबसे अच्छा डेब्यू है। मैं इसे हिंदी सिनेमा को तलाशने के सबसे अच्छे अवसर के रूप में देखता हूं।

**अभिनेता आगे कहते हैं:** यह हमेशा योजना का हिस्सा था। मैं वास्तव में हिंदी सिनेमा और वास्तव में, सभी भाषाओं का पता लगाना चाहता था। इसी तरह मैं चीजों को देखता हूं और हिंदी निश्चित रूप से मेरी थाली में थी। ईमानदारी से, मैं व्यक्तिगत रूप से महसूस करता हूं। कि चीजें आपके साथ होती हैं क्योंकि आपके पास उन्हें पाने के लिए कहीं न कहीं एक विचार होता है। मेरा प्रमुख विचार हमेशा बड़े बाजारों, मलयालम, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ में विभिन्न फिल्मों की खोज करना था। हिंदी हमेशा मेरे दिमाग में थी। विकिपीडिया ने उनकी शुरूआत के रूप में एक और हिंदी फिल्म का उल्लेख किया है, अभिनेता ने स्पष्ट किया कि अभिषेक शर्मा की राम सेतु उनकी पहली फिल्म है। हालांकि, वह एक और प्रोजेक्ट के बारे में कुछ सामान्य बातें बताते हैं, जो उनका हिंदी डेब्यू हो सकता था। उन्होंने कहा, मैंने अफगानिस्तान में एक फिल्म की है और यह मेरा हिंदी डेब्यू होना चाहिए था लेकिन दुर्भाग्य से फिल्म रुक गई। अब मुझे खुशी है कि यह राम सेतु बनने जा रही है। सत्यदेव ने अपनी अगली तेलुगू फिल्म थिमारुसु की शूटिंग पूरी कर ली है और इसकी रिलीज की तैयारी कर रहे हैं, जबकि वह गोडसे की शूटिंग के बीच में हैं।

**अभिनेता चाहते हैं कि दुनिया उनकी फिल्में देखें, जैसा कि वे कहते हैं:** आप जिस भी अभिनेता से पूछें, वे उन फिल्मों का हिस्सा बनना पसंद करेंगे, जिन्हें पूरा भारत देखेगा, चाहे वह तेलुगु फिल्म हो या कोई भी फिल्म। आप चाहते हैं कि लोग आपका काम देखें। एक अभिनेता के रूप में, आप चाहते हैं कि लोग आपके द्वारा किए जा रहे काम को पहचानें। इससे आपको संतुष्टि मिलती है कि मेरी फिल्म को इतने सारे लोग देख रहे हैं। मैं अपने काम को अखिल भारतीय नहीं कहूंगा, बल्कि यह चाहूंगा कि पूरी दुनिया मेरी फिल्में देखे। हालांकि, वह भारत भर के फिल्म उद्योगों में हो रहे बदलाव से अवगत हैं। सत्यदेव कहते हैं बाहुबली और कुछ अन्य फिल्मों के लिए धन्यवाद। मैं सोच सकता हूं कि अखिल भारतीय फिल्म क्यों हुई। पहले डब हो रहे थे लेकिन अब लोग यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वे इसे विशेष रूप से अन्य भाषाओं के लिए भी बना रहे हैं। वे सेट बना रहे हैं अन्य भाषाओं से भी मेल खाने के लिए। पहले यह केवल तमिल और तेलुगु हुआ करता था। अभिनेता कभी तेलुगु में बात नहीं करते थे लेकिन माहौल परिचित होगा।

## तापसी पन्नू ने अनाउंस की अपने प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म, साल 2022 में होगी रिलीज



तापसी पन्नू साउथ के बाद बॉलीवुड में भी अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी हैं. उन्होंने कई हिट फिल्में अपने नाम की हैं और आने वाले दिनों में भी उनके पास कई बड़े प्रोजेक्ट हैं. अब इसी बीच तापसी ने एक बड़ी अनाउंसमेंट की है. तापसी ने अब प्रोड्यूसर बनने का फैसला लिया है और अब बतौर प्रोड्यूसर वह अपना कमाल दिखाने वाली हैं. तापसी ने अपना प्रोडक्शन हाउस आउटसाइडर्स फिल्म्स लॉन्च किया है. इस अनाउंसमेंट पर तापसी को सभी बधाई दे ही रहे थे कि एक्ट्रेस ने एक और अनाउंसमेंट कर दी है. उन्होंने प्रोडक्शन हाउस से पहली फिल्म का ऐलान किया है. फिल्म का नाम है ब्लर. तापसी ने फिल्म की अनाउंसमेंट करते हुए लिखा, 'और ये आउटसाइडर्स प्रोडक्शन की पहली फिल्म ब्लर. इस फिल्म को अजय बहल डायरेक्ट करेंगे जिसमें तापसी पन्नू लीड रोल में हैं. पिछले साल मुझे इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में एक दशक पूरा हो गया है. मुझे कभी नहीं पता था कि मैं यहां न केवल तैरने वाली हूं बल्कि वास्तव में अपने तरीके से तैरना सीखूंगी. जिसने कभी नहीं सोचा था कि वह पब्लिक फिगर बनेगी वो आज आप सभी को आपके प्यार और भरोसे के लिए थैंक्यू कह रही हैं. अब समय आ गया है आपको पेबैक करने का क्योंकि बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी आती है. तो मेरे लिए दुआ कीजिए और मैं वादा करती हूं कि आपके लिए बेस्ट लेकर आऊंगी क्योंकि आउटसाइड से जो व्यू होगा वो अच्छा होगा. अपनी जिंदगी का नया चैप्टर लिखने वाली हूं, आउटसाइडर फिल्म्स से बतौर प्रोड्यूसर. तापसी के प्रोडक्शन हाउस के नाम से लग रहा है कि वह आउटसाइडर्स को बॉलीवुड में काम दिलाने में मदद कर सकती हैं क्योंकि वह खुद भी आउटसाइडर थीं. खैर अब पहली फिल्म ब्लर के जरिए वह किस आउटसाइडर को मौका देती हैं ये तो आने वाले वक्त में पता चलेगा. अब तापसी का कहना है कि वह बतौर प्रोड्यूसर बेस्ट करने वाली हैं, लेकिन हाल ही में बतौर एक्ट्रेस वह अपनी फिल्म हसीन दिलरुबा से दर्शकों का दिल नहीं जीत पाईं. दरअसल, फिल्म हसीन दिलरुबा को लेकर तापसी काफी एक्साइटेड थीं. सोशल मीडिया के जरिए तापसी ने फिल्म का खूब प्रमोशन भी किया था. लेकिन फिल्म और तापसी को दर्शकों और क्रिटिक्स से मिक्स रिस्पॉन्स मिला था. हालांकि सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर काफी नेगेटिव कमेंट्स आ रहे थे. तापसी से जब फिल्म को मिल रहे खराब रिव्यू के बारे में पूछा था तो उन्होंने कहा था, डिस्कशन्स, डिबेट करना अच्छा है, लेकिन वो डिबेट की टोन में ही होना चाहिए. एक ऑडियन्स के नाते आप बताएं कि क्या अच्छा नहीं लगा. लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि आप गलत बोलें जिससे कई लोगों को बुरा लग सकता है।

# नोरा फतेही करना चाहती हैं माधुरी की बायोपिक में काम



अपने डांस से लोगों के बीच मशहूर हुईं अभिनेत्री नोरा फतेही कई बार माधुरी दीक्षित की तारीफ के कसीदे पढ़ चुकी हैं और अब फिर उन्होंने धक-धक गर्ल के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। सोशल मीडिया पर उनकी कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिन्हें देख लग रहा है कि वह माधुरी की बायोपिक में काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी के चंद्रमुखी वाले लुक में नोरा बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

नोरा पहले से ही माधुरी दीक्षित की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हैं। उनकी कुछ तस्वीरें भी सामने आईं, जिनमें नोरा ने माधुरी दीक्षित जैसी ड्रेस पहनी हुई है। इस दौरान वह माधुरी के सुपरहिट गाने डोला रे डोला को रिक्रिएट करती दिखीं। नोरा ने माधुरी के प्रति सम्मान व्यक्त किया और बताया कि वह माधुरी दीक्षित की बायोपिक में काम करना चाहती हैं। वह शो डांस दीवाने 3 में उनके साथ स्क्रीन शेयर कर फख्र महसूस करती हैं।

शो डांस दीवाने 3 के आने वाले वीकेंड में नोरा फतेही का एक अलग अंदाज देखने को मिलने वाला है। इस एपिसोड में नोरा, माधुरी के मशहूर डोला रे डोला वाले लुक में नजर आएंगी। दरअसल, डांस दीवाने 3 में बॉलीवुड के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा है। इस खास मौके पर नोरा, माधुरी दीक्षित की तरह तैयार हुई हैं। वह डोला रे डोला पर परफॉर्म करते हुए माधुरी को एक शानदार ट्रिब्यूट देने वाली हैं। अपने यूट्यूब ब्लॉग में नोरा ने कहा था, माधुरी मेरी आदर्श हैं। मैं उनके साथ को-जज की भूमिका निभा रही हूं, मेरे लिए इससे बड़ी खुशी की बात और क्या हो सकती है मैंने कई बार उनके प्रति अपने प्यार का इजहार किया है। उन्होंने कहा, मैं उनकी क्रेजी फैन हूं। अगर मौका मिला तो मैं माधुरी की बायोपिक में काम करूंगी। मैं सिर्फ एक सपना देख रही हूं, जिसके साकार होने की शायद कोई उम्मीद नहीं है। नोरा जल्द ही फिल्म भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया में नजर आएंगी। टी-सीरीज के बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक दुधैया ने किया है। यह फिल्म 13 अगस्त को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। नोरा फिल्म सत्यमेव जयते 2 में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। पिछली बार की तरह इस बार भी वह फिल्म में डांस का तड़का लगाएंगी। बता दें कि फिल्म सत्यमेव जयते के गाने दिलबर.. ने नोरा को रातों-रात स्टार बना दिया था।

# सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान का बनेगा सीक्वल



सलमान खान ने बॉलीवुड को कई शानदार फिल्में दी हैं। ऐसी ही एक फिल्म है बजरंगी भाईजान जिसमें सलमान ने अपने अंदाज से सभी को प्रभावित किया था। यह एक्शन ड्रामा फिल्म 2015 में रिलीज हुई थी, जो पर्दे पर सुपरहिट साबित हुई थी। अब जानकारी सामने आ रही है कि इस फिल्म का सीक्वल बन सकता है। बजरंगी भाईजान के लेखक केवी विजेंद्र ने बताया है कि वह फिल्म के सीक्वल प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, बजरंगी भाईजान का सीक्वल बन सकता है। ऑरिजनल फिल्म के लेखक विजेंद्र सीक्वल प्रोजेक्ट की स्क्रिप्ट लिख रहे हैं। विजेंद्र ने बताया, मैं बजरंगी भाईजान 2 की कहानी लिखने की कोशिश कर रहा हूं। मैंने कुछ समय पहले सलमान से भी अपना विचार साझा किया था। उन्हें मेरी इस फिल्म का आइडिया पसंद आया है। मैं सही तरीके से इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाना चाहता हूं। उम्मीद है कि चीजें सही तरीके से चलेंगी। उन्होंने बताया कि सलमान बजरंगी भाईजान 2 को लेकर काफी उत्साहित हैं। विजेंद्र ने कहा, जब मैं उनसे संयोगवश मिला तो मैंने उन्हें बजरंगी भाईजान के सीक्वल के बारे में बताया। वह मेरे इस विचार से उत्साहित हैं और उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा आइडिया है। सलमान की यह फिल्म छह साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ का शानदार बिजनेस किया था। विजेंद्र एसएस राजामौली के पिता हैं, जिन्होंने बाहुबली जैसी एतिहासिक फिल्म की कहानी लिखी थी। बजरंगी भाईजान में करीना कपूर, हर्षाली मल्होत्रा और नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया था। फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प थी, जिसमें हर्षाली मुन्नी के किरदार में दिखी थीं।

## रिलीज होते ही ऑनलाइन लीक हुई प्रियदर्शन की फिल्म हंगामा 2

कानूनी कार्रवाई होने के बावजूद फिल्मों की पायरेसी थमने का नाम नहीं ले रही है। प्रियदर्शन की फिल्म हंगामा 2 भी पायरेसी का शिकार हो गई है। फिल्म रिलीज होते ही टेलीग्राम और तमिलरॉकर्स जैसी कई पायरेटेड साइटों पर लीक हो गई। इससे बेशक फिल्म के निर्माताओं को झटका लगा होगा क्योंकि एक तो फिल्म को रिव्यू कुछ खास नहीं मिले हैं, ऊपर से अब यह लीक हो गई है।सूत्रों के मुताबिक डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होते ही फिल्म हंगामा 2 पायरेसी की चपेट में आ गई है, जिसके चलते अब लोग इसे फ्री में देखने के लिए अवैध तरीके से डाउनलोड कर रहे हैं। हंगामा 2 की एचडी क्वालिटी के लिए लोग सर्च इंजन पर अलग-अलग कीवर्ड डालकर इस फिल्म को सर्च कर रहे हैं। सर्च इंजन प्लेटफॉर्म हंगामा 2 मूवी डाउनलोड, हंगामा 2 मूवी डाउनलोड तमिलरॉकर्स जैसे कई कीवर्ड से भरे हुए हैं। हंगामा 2, 2003 में रिलीज हुई फिल्म हंगामा का सीक्वल है। इसमें शिल्पा शेट्टी, परेश रावल, मीजान जाफरी और प्रणिता सुभाष ने अहम भूमिका निभाई है, वहीं, अक्षय खन्ना मेहमान भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में आशुतोष राणा, मनोज जोशी, राजपाल यादव, जॉनी लीवर और टिकू तल्सानिया ने भी कॉमेडी का तड़का लगाया है, लेकिन उनके किरदार न के बराबर हैं। फिल्म को लेकर जितना हो-हल्ला मचा हुआ था, रिलीज के बाद माहौल उतना ही ठंडा हो गया है। हंगामा 2 से पहले तापसी पन्नू की फिल्म हसीन दिलरूबा रिलीज होते ही लीक हो गई थी। निर्माता-निर्देशक से लेकर फिल्म में काम करने वाले सितारे तक इसकी रिलीज को लेकर बेहद उत्साहित थे कि इतने में ही फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई हसीन दिलरूबा तमिल रॉकर्स, टेलीग्राम और मूवी रूल्ज जैसी पायरेसी साइटों का निशाना बनी। फिल्म का पायरेटड वर्जन फिल्मीवैप, ऑनलाइन मूवी वॉचेज और 123 मूवीज जैसी कई पायरेसी साइटों पर भी उपलब्ध था। पायरेसी करने वाली साइटों पर कार्रवाई भी होती आई है, बावजूद इसके कई साइटें इसें बढ़ावा देती हैं।

# खुशी कपूर ने करवाया फॉर्मल सूट में बोल्ड फोटोशूट



श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें और फैमिली के साथ मस्ती करते हुए वीडियो शेयर करती रहती हैं. उनकी हर तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती है. खुशी जल्द ही बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं. फैंस को उनका लुक काफी पसंद आता है. आज खुशी ने फॉर्मल लुक में फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं जो फैंस को बहुत पसंद आ रही है.खुशी को लाखों लोग सोशल मीडिया पर फॉलो करते हैं. अभी तक उन्होंने बॉलीवुड में कदम नहीं रखा है और उनके फैन पेज बन गए हैं जो उनकी फोटोज शेयर करते रहते हैं. खुशी का इंस्टाग्राम अकाउंट पहले प्राइवेट था उन्होंने कुछ समय पहले ही इसे पब्लिक किया है. तब से उनकी फैन फॉलोइंग और बढ़ गई है.खुशी ने आज फॉर्मल सूट में बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की है. फोटोज में खुशी अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं. उनका लाइट मेकअप और खुले बाल उनके लुक को कॉम्प्लिमेंट कर रहे हैं. खुशी ने फोटो शेयर करते हुए लिखा- पावर सूट.खुशी की इन फोटोज से सेलेब्स कमेंट करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं. नव्या नवेली ने हार्ट इमोजी पोस्ट की थी तो शनाया कपूर भी कमेंट करना नहीं भूलीं. इन तस्वीरों को लगभग 50 हजार लोग लाइक कर चुके हैं.खुशी कपूर इन समय न्यूयॉर्क में अपनी एक्टिंग की पढ़ाई पूरी कर रही हैं. उनके पिता बोनी कपूर ने कहा है कि जब वह अपनी पढ़ाई पूरी कर लेंगी उसके बाद ही बॉलीवुड में कदम रखेंगी. साथ ही बोनी कपूर ने एक इंटरव्यू में कहा है कि वह अपनी बेटी को लॉन्च नहीं करेंगे. वह चाहते हैं कि खुशी को कोई और फिल्ममेकर लॉन्च करे क्योंकि अगर वह उसे लॉन्च करेंगे तो उसकी गलतियों पर ध्यान नहीं दे पाएंगे. आपको बता दें बोनी कपूर ने अपनी बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर को भी लॉन्च नहीं किया था. जाह्नवी ने बॉलीवुड में करण जौहर की फिल्म धड़क से डेब्यू किया था. जिसके लिए उनकी काफी तारीफ की गई थी।

# मुंहासों को 1 ही दिन में जड़ से खत्म करता है लहसुन, जानिए कैसे



आजकल गलत खानपान और ब्यूटी प्रोडक्ट के इस्तेमाल के कारण चेहरे पर मुंहासे होना एक आम समस्या है। कई महिलाएं इस वजह से परेशान रहती हैं। ज्यादातर यह समस्या ऑयली स्किन वाली महिलाओं में ही देखी जाती है। मुंहासों की वजह से चेहरे की खूबसूरती खराब हो जाती है और कई बार तो स्किन पर दाग-धब्बे भी रह जाते हैं। इसके लिए लहसुन का इस्तेमाल करके मुंहासों की समस्या को जड़ से खत्म किया जा सकता है। तो आइए जानिए लहसुन का कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है।

**लहसुन का पेस्ट** - लहसुन की 2 कलियों को पीसकर उनका पेस्ट बना लें और 10 मिनट के लिए छोड़ दें। अब इस पेस्ट को मुंहासों पर लगाएं और 10 मिनट के बाद चेहरे को धो लें। इससे मुंहासे साफ हो जाएंगे।

**लहसुन का रस** - लहसुन की कुछ कलियों को पीसकर उसका रस निकाल लें और रूई की मदद से इसे मुंहासों पर लगाएं। 10-15 मिनट के बाद चेहरे को धो लें।

**लहसुन और हल्दी** - लहसुन की 2-3 कलियों को पीसकर उसमें चुटकी भर हल्दी मिला लें और पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को मुंहासों पर लगाएं और कुछ देर बाद चेहरे को धो लें।

**लहसुन और सेब का सिरका** - लहसुन की 2 कलियों को पीसकर उसका रस निकाल लें। अब इसमें 1 चम्मच सिरका और 1 चम्मच पानी मिलाकर अच्छी तरह मिक्स करें। इस मिश्रण को मुंहासों पर लगाकर कुछ देर के बाद धो लें।

## पॉप कॉर्न खाने वालों को कभी नहीं होंगी ये 4 बीमारियां, शरीर में होंगे ये 4 बड़े बदलाव



अक्सर हम सभी लोग मूवी देखते समय या सफ़र करते समय पॉपकॉर्न खाना पसंद करते हैं, यह आसानी से हर जगह मिल जाती है, और खाने में बेहद स्वादिष्ट होते हैं, लेकिन स्वादिष्ट होने के साथ साथ पॉपकॉर्न सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होते हैं, पॉपकॉर्न खाने से शरीर में आने लगते हैं 4 बड़े बदलाव

### कोलेस्ट्रॉल कम करता है

आजकल बहुत से लोग हाई और लो कोलेस्ट्रॉल की समस्या से परेशान रहते हैं, ऐसे में पॉपकॉर्न कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को नियंत्रित करता है और खून की धमनियों को चौड़ा करता है, जिससे हार्ट अटैक की सम्भावना काफी कम हो जाती है।

### 2- पाचन रखता है ठीक

पॉपकॉर्न में हाई फाइबर होता है, जो पाचन तंत्र को मजबूती प्रदान करता है, हफ्ते में 3 से 4 बार पॉपकॉर्न का सेवन करने से आटे के चोकर जितने पोषक तत्व प्राप्त होते हैं और पाचन ठीक हो जाता जाता है।

### बुढ़ापा रखे दूर

पॉपकॉर्न में एंटीएजिंग प्रॉपर्टीज होती हैं, जो चेहरे पर झाइयाँ, झुर्रियां और डार्क सर्कल्स पड़ने से रोकती हैं, इससे आप लंबे समय तक जवान दिखते हैं।

### 4- वजन घटाने में कारगर

इसमें कैलोरी की मात्रा आलू के मुकाबले बहुत कम होती है, इसलिए भूख लगने पर अप पॉपकॉर्न का सेवन कर सकते हैं, इससे भूख मिटेगी पर आपका वजन नही बढ़ेगा।

## वन-टू-वन



### जनपद न्यायाधीश के विदाई समारोह का हुआ आयोजन!

**सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

एटा जनपद में सेवानिवृत्त हो रहे जिला न्यायाधीश मृदुलेश कुमार सिंह का विदाई समारोह जनपद न्यायालय के केंद्रीय सभागार में आयोजित किया गया इस दौरान सभी न्याय अधिकारीगण एवं दीवानी न्यायालय कर्मचारीगणों ने नम आंखों से जिला न्यायाधीश को विदाई दी। इस दौरान सभी लोगों ने एक बात कही कि जनपद न्यायाधीश के कृतित्व एवं व्यक्तित्व की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम होगी जिला न्यायाधीश बहुत ही ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ एवं सत्य निष्ठा व्यक्ति थे। आपको बता दें जनपद न्यायालय एटा में जिला न्यायाधीश मृदुलेश कुमार लगभग 10 माह तक रहे उनके कार्यकाल को न्याय अधिकारीगणों ने कर्म के प्रति निष्ठा एवं समर्पण को श्रेष्ठ बताया। सेवानिवृत्त हो रहे न्यायाधीश मृदुलेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में संदेश दिया कि सभी न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वाह करें जिससे समाज में न्याय व्यवस्था उत्तम ढंग से प्रसारित हो सके। सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने जिला न्यायाधीश के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। विदाई के समारोह में जनपद न्यायाधीश के परिजन कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह चौहान महासचिव राकेश यादव न्यायिक अधिकारी गण आशुलिपिक गढ़ तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शकील कुरैशी ने किया। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार पिप्पल, नाजिम अली, नागेंद्र सिंह, धीरज सिंह, जसवंत, हामिद अली, योगेंद्र सिंह, रामप्रकाश, महेश कुमार, अभिनव, प्रेम प्रकाश, आशुतोष, विवेक अवस्थी, हेमेंद्र सिंह, रामनाथ, राजेश यादव, राजबहादुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### हरियालो राजस्थान अभियान का भाजपा गुंदोज मंडल मे पौधा रोपण कर किया शुभारंभ

पाली पाली भाजपा जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष जिला स्तर के पदाधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में हरियालो राजस्थान का संकल्प पूरा करने के लिए बूथ स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। गुंदोज मंडल क्षेत्र मे भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश पटेल दयालपुरा के नेतृत्व मे भामाशाह राजु भाई ऊलवा देवासी के सहयोग से 101 पौधा लगाने व वितरण किया गया जिसमे कोरोना काल मे आक्सीजन की कमी को देखते हुऐ मंडल अध्यक्ष पटेल ने बताया कि भाजपा हर बुथ पर हर घर एक पौधा लगाने का अभियान चलाकर एक बुथ कार्यकर्ता को एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी दी जायेगी इस मोके पर भाजपा गुंदोज मंडल महामंत्री रघुनाथसिंह रावणा गुंदोज हीरालाल ऐडवोकेट उपाध्यक्ष कुपाराम सिरवी मांगुसिंह डेंडा भावेश ऊलवा दीपाराम देवासी मंगलाराम देवासी पुखराज परिहार हेमंत सुरेश राजु बंजारा आदि मौजुद रहे।

### दो शातिर चोर चोरी किए गए रूपये, जेवरात तथा कागजातों सहित गिरफ्तार

**सोनू कुमार माथुर**

एटा। थाना सकरौली पुलिस द्वारा शनिबार को दो शातिर चोर राघवेंद्र उर्फ पंजाबी पुत्र राजवीर सिंह यादव, उम्र 22 वर्ष निवासी धर्मगढी पवन कुमार उर्फ अजय पुत्र विजेंद्र कुमार उम्र 23 वर्ष निवासी बदनपुर काजीपुर थाना सकरौली 9 जुलाई को ग्राम आराजी वैरिहार मे चंद्रवीर के घर से जेवरात व अन्य कागजात चोरी करने के संबंध में थाना सकरौली पर पंजीकृत चोरी के अभियोग के आरोपियों को चुराए हुए रुपए, पायल तथा पासबुक व चेक बुक के साथ गिरफ्तार कर माल बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादंवि की वृद्धि कर अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# देवी अहिल्या बाई अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट में सुविधाओं के विस्तार के लिये मंत्री सिलावट ने नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया को लिखा पत्र'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

इंदौर। देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट इन्दौर में सुविधाओं के विस्तार के लिये जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखा है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा है कि देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट में यात्रियों की सुविधाओं के लिए आवश्यताओं की पूर्ति किया जाना आवश्यक है।

मंत्री श्री सिलावट ने अनुरोध किया है कि बोईंग बी-777 एवं बोईंग बी-747 आदि बड़े एयर क्राफ्ट के लिए चार हजार मीटर तक के रनवे की लम्बाई के विस्तारीकरण के साथ-साथ पार्किंग का निर्माण किया जाना है। उक्त सुविधा इन्दौर एयरपोर्ट पर उपलब्ध होने से इन्दौर में विदेशी यात्रियों का आवागमन/संचालन किया जा सकेगा। इन्दौर मध्यप्रदेश का पहला अधिसूचित विमानतल है, जिसके भविष्य के विकास के लिए उक्त कार्य किये जाने आवश्यक है। एयरस्ट्रिप को चार हजार मीटर तक बढ़ाने के लिए भूमि आवंटन / अधिग्रहण की कार्यवाही प्रशासन द्वारा शुरू कर दी गयी है।

नवीन टर्मिनल भवन, कन्ट्रोल टॉवर एवं नवीन फायर स्टेशन का निर्माण किया जाना है। नवीन टर्मिनल भवन, वर्तमान कार्यरत टर्मिनल भवन से लगकर पार्किंग स्थल पर जल्दी बनाया जाना आवश्यक है। क्योंकि वर्तमान टर्मिनल भवन वर्ष में 40 लाख यात्रियों की क्षमता का है तथा इंदौर में 32 लाख यात्री का ट्रैफिक एक वर्ष में हो चुका है। इस हेतु बगल में 20. 48 एकड़ भूमि राज्य शासन द्वारा आवंटित की जा चुकी है।

मेट्रो स्टेशन के साथ 20.48 एकड़ भूमि के विकास में मल्टीलेवल कार पार्किंग एवं दो प्रवेश एवं दो निकासी द्वार के निर्माण को मंत्री श्री सिलावट ने आवश्यक बताया है। पुराने टर्मिनल भवन में एक व्ही.आई. पी. टर्मिनल बनाने का अनुरोध राज्य शासन की ओर से एयरपोर्ट अथॉरिटी में लम्बित है। इससे इंदौर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री जी एवं अन्य व्ही.आई.पी. के आने / जाने की व्यवस्था मुख्य टर्मिनल से पृथक से सुव्यवस्थित हो सकेगी। इसी पुराने टर्मिनल के आधे भाग पर कार्गो टर्मिनल को बढ़ाये जाने पर भी कार्य किया जाना है।




एयरपोर्ट से 25 किलोमीटर दूर धार रोड पर उद्योग विभाग का राज्य औद्योगिक विकास निगम ने लगभग 150 एकड भूमि अंतर्राष्ट्रीय लॉजिस्टिक हब के लिए रिजर्व की है, जहाँ ये विकसित होना है। इसके विकास के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय भारत सरकार से आवश्यक सहयोग लिया जाना है। पीथमपुर के पास होने से अगर ये विकसित होता है तो एयरकार्गो के माध्यम से मालवा क्षेत्र में उत्पादों के मार्केटिंग में नया आयाम स्थापित होगा।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा है कि इन्दौर एयरपोर्ट में जल्द से जल्द एयरकार्गो फ्लाइट्स प्रारंभ किया जाना है । एयरकार्गो टर्मिनल प्रारंभ हो चुका है किन्तु एयरकार्गो फ्लाइट्स ना होने से लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। इसी प्रकार दुबई की अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट भी जल्दी पुनः प्रारंभ करनी है जो पिछले वर्ष कोविड के कारण बंद कर दी गयी थी। दुबई फ्लाइट शुरू करने की मांग इन्दौर वासियों द्वारा की जा रही है।

इंदौर शहर के आसपास 50-60 किलोमीटर की परिधि में एक नया अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट एवं कार्गो सेंटर विकसित करने की प्रक्रिया प्रारंभ करना जरूरी है। इस एयरपोर्ट में एक से अधिक एयरस्ट्रिप रहेंगी ताकि हर प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय प्लेन वहाँ लैंड हो सकें।

श्री सिलावट ने कहा है कि जब स्व. माधवराव सिंधिया भारत सरकार में नागरिक उड्डयन एवं विमानन मंत्री थे तब उन्होंने देश के 11 मॉडल एयरपोर्ट को विकसित करने का निर्णय लिया था, जिसमें मध्यप्रदेश का एकमात्र इन्दौर एयरपोर्ट भी सम्मिलित था। उनके इस सपने को साकार करने के लिए देश के मॉडल एयरपोर्ट में सम्मिलित करने के लिए इन्दौर को उपरोक्त सुविधाऐं दी जाना स्मरणीय होगा।

मंत्री सिलावट ने ज्योतिरादित्य सिंधिया से उपरोक्तानुसार इन्दौर को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किये जाने हेतु यात्रियों की सुविधाओं के लिए उपरोक्त सुविधायें स्वीकृत किये जाने का अनुरोध किया।

# संगठन में रहकर सेवा करना ही परम धर्म है : गतवार

**संगठन में रहकर सेवा करना ही परम धर्म है उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आदरणीय श्री सोनू गतवार ने भांडेर मंडल में**

**विवेक सेन रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

इंदरगढ़ / प्रशिक्षण वर्ग के दौरान मंडल के पदाधिकारियों को बताया उन्होंने कहा की अन्य पार्टियां संगठन को केवल और केवल चुनावी दृष्टि से देखती है और चुनाव के बाद संगठन मैं सेवा का कार्य नहीं होता लेकिन भारतीय जनता पार्टी के संस्कार में सेवा ही संगठन है संगठन चुनाव जीतने के बाद भी हमारा संगठन सेवा करता है श्री गतवार ने बताया कि हमें गर्व होना चाहिए कि हम ऐसी पार्टी में काम कर रहे हैं जिस पार्टी का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ सेवा है समाज हित में व्यक्तित्व के हित में राष्ट्र हित में सेवा करना ही हमारी पहली प्राथमिकता है और गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता ने सेवा भाव किया है सेवा की है कोरोना जैसी महामारी में जहां लोग मर रहे थे ऐसी भयानक बीमारी में हमारे पार्टी के कार्यकर्ता घरों से निकलकर समाज सेवा का कार्य किया राष्ट्र हित का कार्य किया एवं जरूरतमंदों को गरीबों को शोषित वंचित लोगों की उन्होंने मदद की है घरों से निकलकर कई कार्यकर्ताओं ने अपने घर भोजन बनवा कर उन गरीब लोगों को भोजन कराया प्रवासी मजदूरों को भोजन करवाया उनको उनके घर तक पहुंचाने का काम हमारे कार्यकर्ताओं ने किया है श्री गतवार ने हम पदाधिकारियों के दायित्व के बारे में भी बताया है उन्होंने कहा है कि हम कोई सामान्य कार्यकर्ता नहीं है हम मंडल के पदाधिकारी है हमारी मंडल में प्रत्येक हितग्राही को लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी जिम्मेदारी भी हमारी है प्रत्येक व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य हमें करना चाहिए हमारा कर्तव्य है हमारा धर्म और कर्म है।





कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष धीरज पाराशर जी मंडल महामंत्री वरुण सेंगर जी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश यादव जी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व कोऑपरेटिव चेयरमैन रूप सिंह सेंगर जी अनिल पाठक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आबकारी विभाग ने की बड़ी कार्यवाही**

# सात लाख की विदेशी एवं देशी मदिरा की जप्त

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

इंदौर। कलेक्टर मनीष सिंह के निर्देशानुसार इंदौर जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी राजनारायण सोनी के आदेश एवं कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजीव द्विवेदी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विरूद्ध अभियान में आज महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई। आबकारी के अमले द्वारा खातीवाला टैंक स्थित रॉयल अंपायर बिल्डिंग में घेराबंदी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के मकान से 116 बोतल विदेशी मदिरा, 23 केन किंगफिशर केन एवं 123 पाव देशी मदिरा जप्त की गई। विदेशी मदिरा में रॉयल चैलेंज व्हिस्की, रॉयल स्टैग व्हिस्की, ब्लेंडर प्राइड, मैकडॉवेल रम जप्त की गई है। मदिरा



की कीमत लगभग सात लाख रूपये है। जप्त मदिरा की एफएसएल से फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है, जिसके उपरांत मदिरा की गुणवत्ता के बारे में निर्णय लिया जाएगा। अमानक मदिरा पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) के साथ-साथ जहरीली शराब की धारा 49 क की धारा में भी प्रकरण पंजीबद्ध किया जाएगा।



### पुर्व गर्वनर रंगनाथ भट्ट द्वारा समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित को प्रशस्ति पत्र देकर किया बहुमान

**पुष्पाजंली टुडे**

मैसूरु। शनिवार रोटरी संस्था मैसूरु की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मैसूरु, चामराजनगर, मंगलौर, कोलेगल, नंजनगुड आदि दूरदराज क्षेत्रों के सदस्यों ने बैठक में भाग लिया द्य गत वर्ष पल्स पोलियो शिविर,स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, वैक्सीन टीकाकरण अभियान आदि जैसे जनहित कार्यों की समीक्षा की गई द्य गत वर्ष का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया द्य संस्था के आगामी कार्यो की रूपरेखा तय की गई द्य रोटरी स्कूल के विधार्थीयो को 60 लैपटॉप वितरण कार्य की सराहना करते हुए व जनहित कार्यों में उत्कृष्ट सेवा देने के उपलक्ष में बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित का रोटरी संस्था के जिला गवर्नर रविन्द्र भट्ट, पूर्व गवर्नर रंगनाथ भट्ट द्वारा सम्मान कर प्रशस्ति पत्र दिया गया द्य इस दौरान विक्रम दत्त,बीएस योगेंद्र, बीएन सुरेश, हनुमंत गौड़ा, पार्थ सारथी,बाबू गौड़ा,आनंद गौड़ा,डॉ.राजीव सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण मौजूद रहे ।


**पाली जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों के हौसले बुलंद**

# चोरीयो की वारदात पर अंकुश लगाने हेतु उचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**पाली।**


राजस्थान पाली जिले के मारवाड़ उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बाडसा सरपंच ओम प्रकाश वागोरिया श्री नामदेव जगमोहन मंदिर सेवा संस्था अध्यक्ष बाडसा सीताराम टाक के नेतृत्व में पाली पुलिस अधीक्षक कालूराम रावत को सौंपा ज्ञापन।

ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत बाडसा आबादी क्षेत्र के रहवासियों मकानों व मंदिरों में आए दिन चोरी की वारदातें घटनाओं अंजाम दे रहे हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों के हौसले बुलंद। बाडसा जगमोहन मंदिर में पूर्व में भी भगवान की मूर्ति चोरी हो गई थी। जो 28 दिन बाद में गांव के बाहर पानी की प्याऊ में प्रातः 3ः00 बजे चोर रख कर चले गए थे। तथा उन चोरों का आज दिन तक कोई सुराग नहीं लगा। और ना ही उनके खिलाफ कोई ठोस उचित कार्रवाई की गई। जिसमें इन चोरों का हौसला दिनों दिन बढ़ रहा है। और यह चोर आए दिन ग्राम पंचायत बाडसा के आवासीय मकानों व मंदिरों को निशाना बना कर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। दिनों दिन मंदिरों सहित अन्य मकानों को चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। दिनांक 29 जुलाई 2021 को रात में अज्ञात चोरों ने मंदिर का मुख्य दरवाजा पर लगे ताले को तोड़ कर मंदिर में प्रवेश कर के मंदिर के मेन पट के ताले को आरी से काटने का प्रयास किया। जिसमें ताला कटा नहीं ताले के मुख्य कड़ी को तोड़ दिया गया इसके बाद चोरों ने लगिए के द्वारा इंटरलॉकिंग को भी तोड़ने का प्रयास किया लेकिन उक्त अज्ञात चोर अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हुए तथा मंदिर का सभी सामान सुरक्षित था ।तथा सीसीटीवी कैमरों में चोरों के फुटेज आए हैं।जिसके आधार पर उच्च स्तरीय जांच करवा कर चोरों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जावे। जिससे दोबारा इन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके। ग्राम पंचायत सरपंच सहित ग्रामीणों ने पाली पुलिस अधीक्षक को चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करने हेतु उच्च अधिकारियों की निगरानी में उचित जांच करके कार्रवाई करने की अपील की गई।



# प्रेस क्लब परिसर में पौधों को सरक्षित करने चला सफाई अभियान









### पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण जरूरी

ग्वालियर। आज फूलबाग स्थित ग्वालियर प्रेस क्लब पर प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा एवं सचिव सुरेश शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे। तीन घंटे तक चले सफाई अभियान के दौरान पौधों को संरक्षित रखने के लिये पौधों की छटाई की गई वहीं बीते 6 जुलाई को परिसर में किये गये पौधारोपण की पौधों के गोले बनाकर गुढ़ाई की गई। परिसर में लगे गाजर घांस को हटाया गया। ग्वालियर प्रेस क्लब परिसर अब पुनः साफ सुथरा हो गया है। आपको बतादें कि ग्वालियर प्रेस क्लब परिसर में बीते वर्षो में लगाये गये पौधे अब अब पेड़ बनकर सामने आ रहे हैं। परिसर में नीम, पीपल, ईमली, शीसम, बढ़, जामून, सेतूत, बैरपत्र, बैर, नींबू, आम, ग्वारपाठा, तुलसी, देशी अकऊआ सहित गुढहैल, एवं अन्य फूलदार वृक्ष लगे हैं। प्रशासन द्वारा 8 अगस्त को होने वाले पौधोरोपण महाभियान में प्रेस क्लब बढ़-चढ़ कर भागीदारी करेगा। इस मौके पर उपस्थित प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि वर्तमान दौर में पर्यावरण असंतुलन की सबसे बड़ी समस्या ग्लोबल वॉर्मिंग है तथा जिसकी वजह से पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है और मानव जीवन के कदम विनाश की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में अगर हमने पर्यावरण को बचाने के लिए कोई बड़ा कदम नहीं उठाया तो वह दिन दूर नहीं, जब हमारा अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा उन्होने कहा कि कहा कि धरती पर जीवन के लिए अत्यंत जरूरी तत्वों में से जल और आक्सीजन प्रमुख हैं। हम यह भी जानते हैं कि धरती पर आक्सीजन के मुख्य स्त्रोत पेड़ ही हैं, लेकिन हम इन्हें संरक्षित करने में हिचकिचा रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। पेड़ होंगे तो हमारा जीवन चलेगा। प्रत्येक व्यक्ति को जिदा रहने के लिए पेड़ों की जरूरत होती है। इसके लिए जरूरी है कि हम अधिक आक्सीजन वाले पौध रोपण करें। यही नहीं इससे और अधिक जरूरी है कि हम इन पौधों की सुरक्षा करें। हमे खाली भूमि पर शीशम, पीपल, बरगद, अमरूद, आंवला, सागौन के पौधे लगाए जाने की जरूरत है। प्रेस क्लब के सचिव सुरेश शर्मा ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे वायुमंडल में उद्योग तथा मानवीय कचरे आदि के कारण अनेक जहरीली गैस तथा रसायन मिल जाते हैं। इन जहरीली गैस तथा रसायनों को वायुमंडल से साफ करने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए हमें पौधे ज्यादा से ज्यादा लगाने चाहिए। अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाने में पेड़ों द्वारा हमें एक मजबूत कवच प्रदान किया जाता है जिससे त्वचा कैंसर तथा अन्य बीमारियों से सुरक्षा मिलती है। सबसे अहम बात यह है कि पेड़ वर्षा लाने में भी सहायक होते हैं। जहां पर पेड़-पौधों की संख्या ज्यादा होती है। वहां पर बरसात भी ज्यादा होती है।

## वन-टू-वन

### पुलिस और इंटेलिजेंस विंग टीम की संयुक्त कारवाही में 5000 रुपये का इनामी अपराधी निवासी मुकुटपुर थाना सकरौली गिरफ्तार

**सोनू कुमार माथुर**

एटा। आपको बता दें कि विजय कुमार निवासी ग्राम रनोसा थाना जलेसर उसके पड़ोसी शरद निवासी मोहल्ला प्रेम नगर जलेसर से रंजिश चल रही थी जिसमें विजय यादव के दोस्त दिनेश की भतीजी के साथ छेड़छाड़ के मामले में शरद जेल गया था। शरद विजय पर छेडछाड के मुकदने को वापस लेने के लिए दबाव बना रहा था परंतु विजय ने मना कर दिया था और उससे विजय का शरद पर एक लाख रुपया भी उधार था जिसे शरद वापस नहीं करना चाहता था इसी कारण शरद ने रंजिश मानते हुए विजय का अपहरण करा कर हत्या करने के लिए रंजीत यादव उर्फ राज पुत्र होडल सिंह निवासी अहरमयी थाना निधौली कलाँ और नरेंद्र उर्फ मोदी पुत्र काली चरण निवासी नगला गुमानी थाना अवागढ़ हाल निवासी श्याम विहार कालोनी थाना कोतवाली देहात सुखदेव उर्फ लाला पुत्र विनोद निवासी रूपसपुर थाना निधौली कलां और अविनाश उर्फ अक्कू पुत्र नेपाल सिंह निवासी ग्राम लालपुर हेतु थाना निर्धाली कला एटा से 2 लाख रुपये में विजय का अपहरण व कत्ल तय किया बातचीत की थी फिर योजनाबद्ध तरीके से शरद ने चारों बदमाशों को को घटना से पहले करीब 15 सोलह दिन अपने दोस्त बृजेश के मामा के मकान में सिकंदराराऊ रोड पर जलेसर में ही रुकवाया और विजय को दिखाया था। फिर रंजीत उर्फ राज ने गाड़ी जलेसर से कासगंज के लिए बुक की थी और नरेंद्र उर्फ मोदी उसके साथ था शुवदेश उर्फ लाला और अविनाश उर्फ अक्कू को नगरिया मोड़ पर मिले थे बात यह तय हुई थी कि मौका लगते ही रास्ते में यह चारों लोग तुम्हारा यानी विजय का अपहरण कर लेंगे और उसकी हत्या कर देंगे ताकि शरद को विजय का 1 लाख रुपया चापस ना करना पड़े और छेड़छाड़ के मुकदमे में फैसला न कराने वाली रजिश भी पूरी हो जाये चारों बदमाशों ने 13 जुलाई को निधौली कला क्षेत्र में वादी। विजय से गाड़ी को लूट लिया और विजय का अपहरण कर उसे कार की डिग्गी में हाथ पैर बांध कर मुंह पर टेप चिपका कर डाल लिया विजय निधौली कला में ही पेट्रोल पंप पर गाड़ी का शीशा तोड़कर भाग गया। वहीं थाना निधौली कला में पंजीकृत किया गया इस प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय और अपर पुलिस अधीक्षक ने इंटेलीजेंस विंग प्रभारी निरीक्षक संजीव तोमर के नेतृत्व में उप निरीक्षक ब्रहा प्रकाश को मय टीम के मामले के खुलासे में लगाया गया जिसमे टीम ने पूर्व में 04 अपराधी को गिरफ्तार किया।

### प्राकृतिक आपदा भारी वर्षा के कारण भिंड जेल हुई क्षतिग्रस्त

**राज्यमंत्री ओ पी एस एवं विधायक संजीव सिंह ने जिला प्रशासन के साथ किया निरीक्षण'**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**(घटना दुखद है जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन और जेल कर्मियों के अथक प्रयासों से कैदी निकले सुरक्षित)**

भिण्ड(ब्यूरो)। मध्य प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रवास पर भिंड पहुंचे जहां उन्होंने प्राकृतिक आपदा से हो रही भारी वर्षा होने के कारण भिंड जेल का निरीक्षण किया और वह पूर्णता 6 अगस्त हो चुकी चारों ओर से उसकी दीवाने भी गिर जाने से 21 कैदी घायल हो गए हैं जिनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

राज्यमंत्री भदौरिया ने पुरानी जेल के अंदर क्षतिग्रस्त बेरिंगको भी देखा पूरा का पूरा मलवा जिसके अंदर पाया गया इस घटना को देखकर वह काफी दुखित हुए और घटना की जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक एवं जेलर तथा अन्य विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली ।

राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वरिष्ठ नेता रमेश दुबे के साथ नई जेल का भी उन्होंने निरीक्षण किया और अधिकारियों और ठेकेदार से नई जेल के निर्माण संबंधित जानकारी ली और इस कार्य को तत्काल पूर्ण किए जाने के निर्देश भी दिए ताकि कैदियों को पूर्ण रूप से सुरक्षित रखा जा सके।

उन्होंने जेल परिषद के बाहर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि यह भवन काफी पुराना है यह घटना से हम सब दुखत हैं गंभीर है लेकिन ईश्वर साक्षी है कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन जेल एक के कर्मचारियों के अथक प्रयासों से कैदियों को सुरक्षित निकाला गया जिसमें से 21 कैदी घायल हुए एककैदियों की गंभीर हालत बताते हुए उन्हें ग्वालियर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है 234 कैदियों को ग्वालियर जेल में सुरक्षित रूप से पहुंचाया गया है उन्होंने भिंड जेलर को निर्देशित किया की तत्काल स्टीमेट प्रस्ताव बनाकर मुझे भेज दें ।

प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह संजू एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रमेश दुबे के जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने घायल किया कैदियों को देखा और उनसे पूछताछ की वहीं उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों और डॉक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए की इलाज मैं किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए ।

# भ्रष्टाचार की पट्टी नही ढक पाई दरारे पहली बारिश में खुली नवीन पुल की पोल

### पुराना पुल भी गिन रहा अंतिम सांसे, प्रशासन बना धृतराष्ट्र

**मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे**

गोहद/भिण्ड- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री लालसिंह आर्य द्वारा अपनी विधानसभा के चहुँमुखी विकास के लिए गोहद नगर से गोहद चौराहा तक फोर लेन की सौगात दी इस फोर लेन को जोड़ने के लिए करीब 2 करोड़ 70 लाख की लागत से बेसली नदी पर नवीन पुल को शासन से स्वीकृत कराया। शासन की मंजूरी के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल बनाने का ठेका प्रिंस कॉरपोरेशन को दिया गया। 13 जून 2018 को इस पुल का भूमिपूजन भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, पूर्व मंत्री लालसिंह आर्य व पूर्व सांसद भगीरथ प्रसाद द्वारा किया गया। कंपनी द्वारा इस पुल का कार्य एक वर्ष यानी 2019 में पूरा करना था लेकिन लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के कारण कंपनी ने पुल का कार्य जनवरी 2021 में पूरा किया।

**-ब्रिज बनाने वाली कंपनी ने निर्माण में किया घटिया क्वालिटी का उपयोग**

प्रिंस कॉरपोरेशन द्वारा पुल बनाने में किस तरह घटिया क्वालिटी के मटेरिअल का उपयोग किया है। इसकी गुणवत्ता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि पुल को जोड़ने वाली सड़क पहली की बारिश में ही दरारे दें गई जिसकी मरम पट्टी करने की कोशिश की गई लेकिन वो नाकाम रही महज 5-7 महीनों में पुल को जोड़ने वाली सड़क धसकने लगी व उसमे दरारे पड़ गई। लेकिन प्रशासन को यह सब दिखाई नही देता जबकि इसी पुल से होकर प्रशासनिक अधिकारियों का आना जाना रहता है। एक मार्ग को दूसरे मार्ग से जोड़ने वाले पुल जैसी महत्वपूर्ण कड़ी में ठेकेदार द्वारा इस तरह की लापरवाही करना निदनीय है पुल धसकने व उसमे दरारे प्रशासन को नजर




नही आ रही वह धृतराष्ट्र बन गया है। वर्तमान में इस पुल से गुजरना खतरे से खाली नही है प्रशासन को पुल से आवागमन बन्द कराना चाहिए बेसली नदी के ऊपर बने पुलों पर भारी वाहनों व क्षमता से अधिक डम्परों का निकलना रहता है पुल की स्थिति देख भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

**पुराना पुल भी गिन रहा है अंतिम सांसे प्रशासन बेखबर?-**

गोहद नगर को गोहद चौराहा से जोड़ने के लिए बेसली नदी पर करीब 50 वर्ष पहले बना पुल भी रखरखाव के अभाव में अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। इस पुल की स्लैब रोड से उभरी दरारों में सरिया बाहर निकल आया है। पुल पर सरिया बाहर निकलने से पुल की जर्जर हालत अंदर से झांक रही है यानी कि पुल की आधार संरचना साफ नजर आ रही है। पुराने पुल को बंद कर उसके मरम्मत की मांग नगर के लोगों द्वारा उठाई गई समाचार पत्रों ने भी पुल की दयनीय स्थिति को प्रमुखता से छापा लेकिन प्रशासन का पुल की ओर कोई ध्यान नही गया ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे प्रशासन पुल के कारण होने वाले किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा हो।

**-नगरवासियों का कहना-**

नवीन पुल बने अभी 5-7 महीने ही हुए है और पुल धसकने लगा, पुराना पुल पहले से ही जर्जर है।

**-दुर्गेश गुप्ता स्थानीय निवासी-**

घटिया क्वालिटी के मटेरिअल उपयोग हुआ होगा तभी तो 5 महीने में ही पुल की हालत खस्ता हो गयी।

**-विकास श्रीवास स्थानीय निवासी-**

बेसली नदी पर बने पुराने पुल से निकलने में डर लगता है लेकिन नया पुल तो 5-7 महीने में ही जर्जर होने लगा।

**-विक्रम यादव स्थानीय निवासी-**

**भाजपा का मण्डल कार्यसिमिति प्रशिक्षण सम्पन**

## भाजपा कार्यकर्ताओं के त्याग व तपस्या की वजह से पार्टी क्षितिज तक पहुँची : वीरेंद्र राणा

गोहद भारतीय जनता पार्टी की गोहद नगर की मण्डल कार्यसिमिति का प्रशिक्षण सम्पन हुआ। मण्डल प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र राणा व जिला कोषाध्यक्ष शोभित अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यसिमिति की अध्यक्षता विवेक जैन व संचालन महामंत्री आशीष शर्मा ने किया। कार्यसिमिति प्रशिक्षण के छ सत्रों में उद्धघाटन सत्र पर भाजपा के इतिहास व विकास पर मुख्य अतिथि वीरेन्द्र राणा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा भाजपा कार्यकर्ताओं के त्याग व मेहनत की वजह से भाजपा क्षितिज तक पहुची। श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान की वजह से कश्मीर से धारा 370 व 35ए को भाजपा सरकार ने खत्म कर कश्मीर से दो प्रधान दो निशान नही




चलेंगें का सपना साकार किया। दूसरे सत्र में विवेक जैन ने शोक प्रस्ताव रखा और कोरोना महामारी में जिन परिवारो ने अपनो को खोया उनको सात्वना दी व कार्यकर्ताओ ने 2 मिनट का मौन रखा। तृतीय सत्र में पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव ने आत्मनिर्भर मण्डल पर अपने विचार रखे व आत्मनिर्भर मण्डल से आत्मनिर्भर भारत पर जोर दिया, चौथे सत्र में मण्डल अध्यक्ष विवेक जैन ने सेवा की संगठन के तहत भाजपा द्वारा की गए कार्यो व आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा रखी। पाचवे सत्र में जिला कोशाध्यक्ष शोभित अग्रवाल ने कोविड 19 पर अपने विचार रखे। अंतिम सत्र पर गौरव राज सोनी द्वारा वदे मातरम गीत लिया। प्रशिक्षण का आभार रामप्रसाद कुशवाह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश बोहरे, बृजकिशोर भटेले, महेश पाण्डेय, ओमप्रकाश कुशवाह, राजेन्द्र गुप्ता, नरेश गुप्ता, कालीचरण कुचिया, राम भटेले, रामसिया जाटव, अर्चना शर्मा, भीकम कौशल, सुमन गुप्ता, प्रतिभा सोनी, गुड्डी श्रीवास, संजय झा सन्तोष राठौर, सन्तोष प्रजापति, प्रमोद कामत, धर्मन्द्र गुर्जर, प्रदीप भारद्वाज, पिंकी सगर, राजेश नागर, विकास श्रीवास, हरिओम भटेले, दिनेश श्रीवास, दशरथ घुरैया, राकेश गौड़, विनोद माहोर, लाखन सिंह गुर्जर, सौरभ पांडेय, मदन श्रीवास, राजीव व्यास, गिर्राज शर्मा, विद्यराम शेजवार, धर्मन्द्र दुबे, जुगल सोनी, रिंकू भटेले, रवि बोहरे, थानु गुर्जर, रामकेश कुशवाह, आत्मदास भटनागर प्रमुख रूप से रहे

## वरिष्ठ अधिकारियों ने सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारीगण को दी गयी भावभीनी विदाई

**सोनू कुमार माथुर पुष्पांजली टुडे**




एटा। शानिबार को पुलिस विभाग में निरन्तर सेवा प्रदान करते हुये अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर शनिबार को सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस विभाग के कर्मचारीगण से उनका परिचय प्राप्त करते हुये, कर्मियों से सेवाकाल के अनुभव के विषय में जानकारी की गयी। विदाई समारोह में शॉल व माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर पुलिसकर्मियों को विदाई दी गई तथा उनके सुखद एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना की गयी। समारोह के अन्त में सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों से भविष्य में किसी भी समस्या, शिकायत अथवा सहायता के लिए निःसंकोच होकर अपनी बात रखने के लिए बताया गया। शनिबार को सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण का विवरण निम्नवत् है उ0नि0 श्यौराज सिंह उ0नि0 धनपाल सिंह उ0नि0 राजन बाबू आरक्षी चालक रामवीर सिंह उ0नि0 किशन कुमार गौतम (एल0आई0यू0) उ0नि0 रेडियो राजेन्द्र प्रसाद मु0आ0 नारायण सिंह मु0आ0 कृपाल सिंह।

## ग्राम पंचायत लभेडा की आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक -2 पर किया गया वृक्षारोपण



**पुष्पांजली टुडे**

पिछोर- महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी अरविंद तिवारी द्वारा ग्राम पंचायत लभेड़ा की आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक - 2 लभेड़ा में पौधारोपण किया गया जिसमें नीबू, आम, अमरूद, जामुन,अशोक आदि के पौधे लगाये गये। परियोजना अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अति अत्यावश्यक है। वृक्षों से हमें जीवनदायिनी प्राणवायु ऑक्सीजन प्राप्त होती है। बिना ऑक्सीजन के जीवन जीना संभव नहीं है।इसलिए आज ही हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनको पेड़ बनने तक सेवा करने का संकल्प लें। एवं आंगनवाड़ी केंद्र पर पीएचई विभाग से टंकी बनवाने के लिए कहा गया जिसमें बताया गया आंगनबाड़ी केंद्र पर शीघ्र ही पानी की टंकी नल टौटी आदि लगाई जाएगी जिससे बच्चों के पालकों ने प्रसन्नता जाहिर की एवं उनका आभार भी व्यक्त किया जिसमें आंगनवाड़ी पर्यवेक्षका राम कुमारी झा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रैना लोधी, सहायिका कलावती आदिवासी, रमाकांत मिश्रा, हेमराज आदिवासी, शिव कुमार लोधी, अमोल लोधी, हरकू बाई लोधी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## श्योपुर जिला हुआ जलमग्न बारिश के पानी ने मचाई तबाही

**पार्वती, अहेली, कूनो,काला पट्टा, सहित छोटी बड़ी नदियां उफान पर राजस्थान सहित छोटे बड़े शहरों से भी संपर्क कटा**

**विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर। भारी बारिश के कारण सम्पूर्ण जिले भर में लगातार हो रही बरसात से आये पानी ने तबाही मचाई हुई हैं यहां बता दें कि श्योपुर जिले की नदियां उफान पर है जहां अहेली ने विकराल रूप धारण किया हुआ साथ ही पार्वती नदी भी उफान पर चल रही है तो वहीं ग्वालियर शिवपुरी जाने वाले लोगों का आवागमन कूनो नदी ने रोक दिया है बारां कोटा का मार्ग भी अवरुद्ध हो गया जहाँ ललितपूरा पुलिया पर 8से10 फीट ऊपर पानी चल रहा है जिससे बारां कोटा जाने वाले वाहन रुख गए है उधर श्योपुर कोटा वाया खातोली मार्ग पूरी तरह से पार्वती ने रोक दिया है पुलिया के ऊपर8से 7फीट तक पानी चल रहा है जिससे आवागमन बाधित हो गया तो इधर मकड़ावदा




से राजस्थान जाने वाले रास्ते को काला पट्टा नदी ने जाम कर दिया है साथ ही जिले भर की नदियां नाले उफ़ान पर है तो वहीं आवदा डेम ऑवफलो चल रहा है जिससे बस्तियों में पानी पानी हो गया है श्योपुर जिले की तहसील बड़ौदा का बुरा हाल है बड़ी टोडी वार्ड5में पानी घरों में घुस गया जिससे लोगों के खाने पीने के सामान तक खराब हो गए हैं छोटी टोडी, रतोदन दरवाजे से लेकर मेन बाजार कम्पनी दरवाज़े तक पानी पानी हो गया साथ ही दुकानों में पानी भर जाने ने के कारण दुकानों में रखे समान तहस नहस हो गए है

थाना बड़ौदा परिसर में पानी भर गया थाने के चारों तरफ पानी पानी नजर आ रहा है तो वहीं दूसरी ओर बड़ौदा अस्पताल के हालात भी ठीक नहीं यहां पर पानी ज्यादा आने के कारण अस्पताल के अंदर तक पानी चला गया जिससे दवाइयां खराब होने का अंदेशा है साथ वेक्सीन के फिरिज तक पानी बताया जा रहा है सब्जी मंडी टापू में बदल गई जिससे सब्जी बेचने वालों के सामान सब्जियों आदि खराब हो गई हैं।

जिले के विजयपुर, करहाल,वीरपुर, बड़ौदा सब जगहों पर बारिश आफत बन कर आई तो वहीं अहेली नदी किनारे बसे गांवों में भी पानी भरने के आसार नजर आ रहे हैं जिला प्रशासन के अधिकारी हालातों पर पेनी नजर रखे हुए हैं।जिला कलेक्टर ने अलर्ट जारी कर दिया है ताकि कोई जनहानि नहीं हो।

# चाचोडी हरियालो राजस्थान अभियान में ग्राम पंचायत स्तर पर पौधा रोपण कर किया शुभारंभ

**रानी -**

पाली / रानी ब्लाक के अलग-अलग स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया। ग्राम पंचायत चाचोडी हरियालो राजस्थान अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र राजकीय प्राथमिक विद्यालय मुख्य तालाब एवं नर्सरी अलग-अलग स्थानों पर 500 वृक्ष लगाए गए। सरपंच राजपुरोहित ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरियालो राजस्थान के अभियान में वृक्षारोपण किया गया। कोराना काल में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए प्रदेश भर में वृक्षारोपण का अभियान चलाया जा रहा है। इसी संदर्भ में चाचोडी ग्राम पंचायत स्तर पर अलग-अलग स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया और प्रत्येक वृक्ष की देखभाल करने की आमजन को




शपथ दिलाई गई। वृक्ष ही हमारी मुख्य जान हैं और इनकी रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। ग्राम विकास अधिकारी तेजपाल सिंह ने कहा कि प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ से बचने के लिए एकमात्र उपाय वृक्षारोपण। और वृक्षों की देखभाल बच्चों की तरह की जाए प्रधानाचार्य सोनल ने बताया कि वृक्ष का महत्व के बारे में वर्णन तो नहीं कर सकते लेकिन प्रकृति वृक्ष के ऊपर ही निर्भर हैं। वृक्षारोपण करने से हम ऑक्सीजन की कमी को पूरा नहीं कर सकते लेकिन हर व्यक्ति को संकल्प के साथ प्रत्येक वर्ष एक वृक्ष लगाने की प्रेरणा ले तो आने वाले समय में प्रकृति के साथ खिलवाड़ भी नहीं होगी और ऑक्सीजन की कमी महसूस नहीं होगी । अध्यापक नाथूराम सिरवी ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभ्यता को विनाश से बचाने हेतु पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक है। और पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण पर अधिक से अधिक जोर देना होगा। वृक्ष धरती मां का श्रृंगार है। हम सबको इस पुनीत कार्य में सहयोग करना होगा। वृक्षारोपण को हमें एक आंदोलन के रूप में लेने की आवश्यकता है।

इस मौके पर सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित ग्राम विकास अधिकारी तेजपाल सिंह प्रधानाचार्य मांगीलाल सोनल उप सरपंच जगाराम सिरवी। ग्राम रोजगार सहायक। भगवान लाल बामणिया अध्यापक नाथूराम सिरवी अध्यापक आसूलाल मीणा पंचायत सहायक भवर लाल सिरवी खीमा राम देवासी वार्ड पंच अमृत सिंह राजपुरोहित सोहन सिंह राजपुरोहित भोपाजी गणेश राम सीरवी पंचायत सुरक्षा कर्मी केसाराम देवासी समाजसेवी कालू सिंह राजपुरोहित। प्रवीण सिंह राजपुरोहित प्रवीण व्यास पत्रकार मगराज चौहान आदि मौजूद रहे।

# आयुष मंत्री श्री कावरे ने लाँजी मे कोरोना योद्धाओं का किया सम्मान

## विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल, दादा कोटेश्वर धाम में टेका माथा

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

मध्यप्रदेश शासन के आयुष मंत्री श्री रामकिशोर ÷नानो÷ कावरे ने 31 जुलाई को लांजी प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। आयुष मंत्री श्री कावरे ने अपने परिवार के साथ कोटेश्वर धाम मंदिर में विधि-विधान पूर्वक शिवलिंग पूजन एवं अभिषेक किया। श्रद्धालुओं की अटूट आस्था के केंद्र दादा कोटेश्वर धाम मंदिर लांजी में सपरिवार, पूजन एवं अभिषेक कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की है। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे साथ रहे। श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केन्द्र कोटेश्वर धाम पुरातात्विक धरोहर के रुप में धार्मिक-पौराणिक महत्व का तीर्थ है। जो 108 उपलिंगों में शामिल है। यहां वर्ष भर मेले जैसा माहौल रहता है, पर श्रावण मास में लगने वाला मेला कुछ खास होता है। यहां सावन शुरू होते ही कोटेश्वर महादेव कांवड़ चढ़ती है, जो परंपरा का प्रतीक है। सावन में पहले दिन से ही कावड़ से जल चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो पूरे माह निरंतर जारी रहता है। गुरू पूर्णिमा से ही यहां सावन के चलते आयोजनों की तैयारियां शुरू हो जाती है। कोटेश्वर महादेव में मध्य प्रदेश के विभिन्न इलाकों से ही नहीं महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ व इसके अलावा विभिन्न प्रांतों से भी लोग पवित्र नदियों का जल चढ़ाने आते हैं।








### आंदोलन कर रहे 17 संगठनों से की भेंट

लांजी जनपद पंचायत के पास अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों से आयुष मंत्री ने भेंट की और दिलाशा दिलाया की शिघ्र ही सभी मांगों को मुख्यमंत्री महोदय के समक्ष रखी जाएगी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लांजी में आयोजित कोरोना योद्धा सम्मान समारोह में शामिल

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लांजी में आयोजित कोरोना योद्धा सम्मान समारोह में शामिल कार्यक्रम में कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया। आयुष मंत्री श्री कावरे के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालाघाट पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक तिवारी बालाघाट, सुश्री निकिता मंडलोई प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी, श्री दुर्गेश आर्मो अधिकारी पुलिस लांजी, श्री रामप्रसाद मार्को जी तहसीलदार लांजी, श्रीमती सारिका परस्ते जी नायब तहसीलदार लांजी , डा प्रदीप गेडाम, श्री आलोक चौरसिया भा.ज.पा. मंडल अध्यक्ष लांजी, गौरव बैस,अनिल धुवारे , संजय मिश्रा, दिलीप चौरसिया, राजू श्रीवास्तव, डॉ अमृत मेश्राम, विजय खेरे, हीराचंद आसटकर,कपिल अग्रवाल, निलचंद हरिनखेडे, अशोक बापूरे, योगेश रामटेक्कर, श्रीमती उषा पसीने, सुशीला दुग्गगढ़ , प्रगति पालीवाल सुनीता राय, मोना कौर , दुर्गा रामटेक्कर , डॉ प्रीतेश मते,डा योगेश कुर्वे ,लीलाधर रावते, सीताराम रावते, गोविंद उमरे, सुरेश लिल्हारे, उज्जवल श्रीवास्तव एवं क्षेत्र के सामाजिक धार्मिक संगठन के पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, नगर परिषद के कर्मचारी, तहसील कार्यालय के कर्मचारी , सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान जी जान से जुटे स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं उनके सहयोगी स्टाफ को शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री कावरे ने कहा कि कोरोना योद्धाओ के अथक परिश्रम एवं सहयोग को यह हमारा छोटा सा सम्मान है। आप लोगों के भरोसे ही क्षेत्र की जनता सुरक्षित रही है। कोरोना की दूसरी लहर में सब डरे हुए थे परंतु स्वास्थ्य कर्मी हमारे कोरोना योद्धा जन सेवा में लगे रहे।

### आयुष मंत्री श्री कावरे ने सिविल अस्पताल में फीता काटकर किया एक्सरे मशीन का शुभारंभ

मध्यप्रदेश शासन के आयुष मंत्री श्री रामकिशोर नानो कावरे ने सिविल अस्पताल लांजी में फीता काटकर एक्सरे मशीन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री श्री कावरे ने कहा कि डिजिटल एक्सरे मशीन की सौगात मिलने से सिविल अस्पताल लांजी की स्वास्थ्य सुविधाओं में उन्नयन होगा, कोरोना की दूसरी लहर के दौरान लांजी सिविल अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी हद तक वृद्धि हुई है। कोरोना की तीसरी लहर की संभावनाओं को देखते हुए पूर्व तैयारियां भी कर ली गई है। कोरोना की इस बीमारी में हमने अपनों को खोया है जिसका आज भी हमें मलाल है। परंतु तीसरी लहर के लिए हमने तैयारियां काफी की है। क्षेत्रीय जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ विभाग के अधिकारियों के सहयोग से हम कोरोना की लड़ाई को जीतने में कामयाब होंगे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आयुष मंत्री श्री कावरे ने किया सम्मानित

लांजी में विद्या भारती सरस्वती उत्तर माध्यमिक विद्यालय लांजी के 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कोटेश्वर धाम परिसर में सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था की 12वीं कक्षा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अंशुल विनायक द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले कुमारी मोनिका आगाशे एवं प्रतिष्ठान अर्जित करने वाली कुमारी रिचा पटले को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंत्री श्री कावरे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें एवं उनके माता पिता विद्या भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को भी शुभकामनाएं दी है।

## बच्चों ने किया शहर का नाम रोशन

कोलारस तहसील के ग्राम ढेहरावरा में रहने वाले डॉक्टर राम भरत धाकड़ के पुत्र ने विवेक धाकड़ ने 12ह्व्द्ध क्लास में 98 . 8 त्नबनाएं इसमें सभी जिले मैं अपना नाम रोशन किया और ऐसे होनहार बालक की सरकारी स्कूलों में 12 क्लास का ष्ट्ठक्चस्श्व का 98त्न रिजल्ट आने पर ने सरकारी स्कूल के टीचर्स और बच्चों को बधाई दी है. और प्रिंसिपल ने कहा कि 12वीं क्लास के नतीजे 98त्न आए हैं. भारत के 70 साल के इतिहास में किसी राज्य के सरकारी स्कूलों का रिजल्ट 98त्न नहीं आया होगा. प्राइवेट स्कूल के 92.2त्न नतीजे हैं. पूरे देश में शिवपुरी जिले के सरकारी स्कूलों के सबसे अच्छे नतीजे हैं. सरकारी स्कूल हैं, इनमें से स्कूल के 100त्न रिजल्ट आए हैं. जबसे ्रक्क की सरकार बनी है, 2016 से लगातार नतीजे अच्छे हो रहे हैं. 2016 में 88.9त्न, 2018 में 90त्न, 2019 में 94त्न और इस साल 98त्न नतीजे आए हैं. एक जमाने में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे को हीन भावना से देखा जाता था. इन नतीजों ने साबित किया है कि स्कूल अच्छे हुए तो गरीब आदमी बच्चों को स्कूल भेज रहा है.

### फेल हुए बच्चों का बढ़ाया हौसला

सरकारी स्कूल की तारीफ करते हुए प्रिंसिपल साहब ने कहा, ÷सरकारी स्कूल के टीचर प्राइवेट स्कूल से कम नहीं हैं. 5 साल में शिक्षा में क्रांति आ गई है. कोलारस में इमानदार पार्टी को वोट दिया गया. देश का भविष्य बेहतर बनाने के लिए शिक्षा में इन्वेस्टमेंट जरूरी है. हमारी सरकार ने टीचर्स और बच्चों को तमाम सुविधाएं दीं. वो 2 प्रतिशत बच्चे मायूस न हों जिन्हें कंपार्टमेंट आई या फेल हुए, उनके लिए एक्सट्रा क्लास का इंतजाम करेंगे. हम प्राइवेट स्कूल के खिलाफ नहीं हैं. लेकिन आज सरकारी स्कूल के बच्चों में भरोसा पैदा हुआ है. सरकारी स्कूल के बच्चे फर्राटेदार इंग्लिश बोलते है

### नूतन माध्यमिक सालरिया का उत्कष परीक्षा परिणाम-

रानी- पाली रानी ब्लॉक के सालरिया नूतन माध्यमिक बाल विधा मन्दिर के प्रधानाध्यापक गिरधारी लाल राणावत व अध्यापक तरुण कुमार परमार इटन्दरा मेडतियान ने बताया कि कक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम उत्कष? रहा 7 प्रथम स्थान पर नरेश कुमार 95.00त्न,द्वितीय स्थान पर हरिश कुमार 94.00त्न, तृतीय स्थान पर राहुल देवासी 93.00त्न रहा7नूतन माध्यमिक विधालय के प्रधानाध्यापक गिरधारीलाल राणावत व समस्त अध्यापक बन्धुओं ने सभी विधार्थियो को बधाई व उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।

## कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय के डॉक्टर्स के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित

# सेवानिवृत होने के बाद भी करें मानव सेवा : ऊर्जा मंत्री तोमर

**ग्वालियर।**

सेवानिवृत होने के बाद भी करें मानव सेवा, मानव सेवा से बडा कोई पुण्य का कार्य नही है। सेवा का जो अवसर आपको मिला है वह हर किसी को नही मिल सकता। कभी भी मन से की गई सेवा व्यर्थ नहीं जाती है, आपकी सेवा का ही प्रतिफल है कि आज इस अस्पताल को आईएसओ का अवार्ड मिला। उक्ताशय के विचार प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय के सेवानिवृत होने वाले डॉक्टर्स के विदाई समारोह के अवसर पर कहे।



कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय परिसर में आयोजित विदाई समारोह में डॉ. आलोक पाठक मेडिकल स्पेशलिस्ट, डॉ. शैलेन्द्र नागौरी उप-संचालक, डॉ. एम.सी जैन नाक,कान,गला रोग विशेषज्ञ के सेवानिवृत होने पर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने डॉक्टर्स को शॉल-श्रीफल से सम्मानित कर सम्मानपूर्वक विदाई दी। इस अवसर पर श्री रतिराम यादव, पूर्व पार्षद श्री चंदन राय, डॉ. चन्द्रशेखर जायसवाल, श्री एलके दुबे सहित डॉक्टर्स, स्टाफ नर्स सहित सेवानिवृत होने वाले डॉक्टर्स के परिजन भी शामिल हुए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस अवसर पर कहा कि आपने अपना एक लम्बा जीवन श्रमिकों की सेवा करते हुए निकाला है। अगर आपकी इच्छा हो तो में शासन स्तर पर प्रयास करू की आप पुनः अपनी सेवायें दे सकें। उन्होने कहा कि डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होता है, आपके पास श्रमिक विशेष परिस्थितियों में ही इलाज के लिए आता है। उन्होने कहा कि इन डॉक्टर्स के सेवानिवृत होने के बाद इस अस्पताल में इनकी कमी नही खलनी चाहिए।













स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478